हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 09.0 डिग्री

12 स्वदेशी अपनाने और लोगों को प्रेरित करने लिया संकल्प



13 संत शिरोमणि घासीदास बाबा संदेश को आत्मसात करें : विधायक ललित






न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### नशे की दवा के साथ 6 गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** नशे का अवैध कारोबार करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि सभी हरनाबांधा दुर्ग निवासी जावेद उर्फ अमित, रूपेश मेश्राम, अमित श्रीवास्तव, गुलाब भौते, मंगल सारथी, महादेव साहू को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां, कफ सिरप और मोबाइल जब्त किए हैं। जिनकी कुल कीमत 46,313 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को गश्त के दौरान अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। सिटी कोतवाली दुर्ग और एसीसीयू की टीम ने कार्रवाई की है। चंडी मंदिर दुर्ग के पास सूचना मिलने पर नदी रोड स्थित जैन मंदिर के पास कुछ युवकों द्वारा प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे थे। आरोपियों के पास सेप्रतिबंधित नशीली दवाइयां, कफ सिरप और मोबाइल बरामद हुए। जब्त की गई दवाइयों में प्रैक्टिन, स्पास्मो प्रॉक्सीवॉन प्लस कैप्सूल, डीएक्स कफ सिरप शामिल हैं।

# युक्तियुक्तकरण : दूसरे जिले में भेजा तो नहीं की ज्वाइनिंग, 31 शिक्षकों को लास्ट वार्निंग

**स्कूली शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पिछले छह महीने से युक्तियुक्तकरण का कार्य चल रहा है। इसकी वजह से दुर्ग जिले के 31 शिक्षक ऐसे हैं जिन्हे पद नहीं होने की वजह से दूसरे जिले में भेजा गया, लेकिन ये शिक्षक दूसरे जिले जाने के लिए तैयार नहीं है। हद तो यह है कि आदेश के बाद भी 31 शिक्षकों ने ज्वाइन नहीं किया है। काउंसिलिंग में शिक्षकों के अभ्यावेदन अमान्य होने के बाद भी कई महीने से शिक्षक घर पर बैठे हैं। ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई करने के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने निर्देश दिए हैं।

मंत्री के निर्देश के बाद अब दुर्ग शिक्षा संभाग हरकत में आया है। संयुक्त शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक ने दुर्ग जिले के 31 शिक्षकों को नोटिस भेजा है। सभी को एक सप्ताह के भीतर आदेशित स्कूलों में ज्वाइनिंग करने की हिदायत दी गई है। ज्वाइन नहीं करने की स्थिति में विभागीय कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।



युक्तियुक्तकरण : स्कूली शिक्षा मंत्री यादव द्वारा कार्रवाई के है निर्देश

193 शिक्षकों के अभ्यावेदन हुए अमान्य ज्वाइनिंग के लिए तीन दिन की मोहलत

### इन शिक्षकों को जारी किया गया नोटिस

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंजगिरी की शिक्षक सीता साह को युक्तियुक्तकरण के बाद कोदवा गोबर्रा विकासखंड पंडरिया में भेजा गया था। आदर्श कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय दुर्ग की चित्ररेखा गौतम को भुरमुसी विकासखंड छुईखदान भेजा गया था। गणित शिक्षक राजेन्द्र कुमार साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जामुल से चक्रवाय नवागढ़ जिला बेमेतरा भेजा गया था। विज्ञान शिक्षक मनीषा सिंह करंजा भिलाई को कगां. आ. वि. साजा भेजा गया था। हिन्दी ई संवर्ग शिक्षक ताम्रध्वज गायकवाड़ हाउसिंग बोर्ड से घोरहा नवागढ़ बेमेतरा , शिक्षक कला सरोज देशमुख अछोटी से आटरा छुरिया राजनांदगांव, किशोर लहरी हिन्दी शिक्षक मलपुरीकला से कामठी पंडरिया, अश्वनी बाई आलबरस से सहसपुर लोहारा, देवेंद्र राय तितुरडीह दुर्ग से कोदवा गोडान पंडरिया, हीरालाल देशमुख प्रोन्नत रूदा से साल्हेवारा ब्लॉक बोड़ला, सुनीति महेश्वरी छावनी भिलाई से चचेड़ी ब्लॉक कवर्धा, पूर्णिमा खुटेले आदर्श कन्या पूर्व माध्यमिक शाला दुर्ग से खैरा विकासखंड सहसपुर लोहारा भेजा गया था।

### नोटिस के बाद भी ज्वाइनिंग नहीं

शासकीय प्रोन्नत पूर्व माध्यमिक शाला मोहलई के मुकेशकुमार तिरपुड़े को लारंगपुर पंडरिया भेजा गया था। खिलेश्वरी सिंह नेताम हनोदा से सूरजपुराकला पंडरिया, श्वेता बेलचंदन कोसानगर भिलाई से सैहामालगी ब्लॉक पंडरिया, कुसुम मंडावी कातरो से कंझेला पंडरिया, चंचल ठाकुर प्रोन्नत शिवाजी नगर खुर्सीपार से पलानसरी पंडरिया, आभा दुबे आदर्श कन्या दुर्ग से संघनपुरीवन सहसपुर लोहारा, राजेश्वरी साहू मलपुरीकला से कापादाह पंडरिया, खिलेंद्र कुमार साहू तेलीगुंडरा से आदर्श कन्या कवर्धा, संजय चंद्राकर आलबरस से लरबक्की बोड़ला, पुनेश्वर नेताम जामुल से सिवनीखुर्द बोड़ला, गजेंद्र कुमार यादव करंजाभिलाई से खम्हरिया पंडरिया, ठाकुरराम देवांगन बोरेंदा से बसनी पंडरिया, कोमल पटेल कुम्हारी से दलदली बोड़ला, संगीता साव शिक्षक एलबी प्रोन्नत बापूनगर से तुलसी ब्लॉक पाटन, ए पद्मवती स्वामी प्रोन्नत स्टेशन मरोदा से गोढ़ी धमधा , मनीषा सोनपिपर व्याख्याता एलबी आदर्श कन्या से स्टेशन मरोदा, पूर्णिमा श्रीवास्तव प्रोन्नत मोहलई से आदर्श कन्या कवर्धा भेजा गया था।

### अंतिम नोटिस दी गई

युक्तियुक्तकरण के बाद जिन शिक्षकों ने ज्वाइन नहीं किया है उन्हे पहले भी नोटिस भेजा जा चुका है लेकिन उन्होने ज्वाइनिंग नहीं किया। इसलिए अब अंतिम नोटिस उन्हे भेजा गया है। उसके बाद सीधे कार्रवाई होगी।

**-आरएल ठाकुर,**
जेडी, संभागीय शिक्षा दुर्ग

आरोपियों को भेजा जेल

# शराब पीने के लिए नहीं दिया रुपए, तो किया जानलेवा हमला, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर तीन आरोपी युवकों ने धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने इस मामले में तीन को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(3), 1152(2), 119, 3(5) और 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सूरज ठाकुर अपनी स्कूटी से बोरसी स्थित अपने दोस्त कमल कुमार से मिलने जा रहा था। इस दौरान एनएसपीसीएल गेट के पास पान ठेले पर गुटखा खरीदने के लिए रुका। तभी सेक्टर 6 भिलाई निवासी एस. विजय, एमआईजी हुड़को एस. अजय, सेक्टर 6 ए मार्केट विश्वजीत सिंह पहुंचे। वो लोग सूरज ठाकुर से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। सूरज ने पैसे देने से मना किया तो उन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने उसके ऊपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें सूरज के सिर और जांघ में गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद भी आरोपी युवक फरार हो गए। जान बचाने किसी तरह सूरज एनएसपीसीएल का गेट कूदकर भीतर गया। डॉयल 112 पर कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला भेजा। के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**


सुमीत बाजार
आज का स्पेशल ऑफर
5 स्टॉर होटल में यूज होने वाली
एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन
प्रीमियम क्वालिटी




इलास्टिक वाली फिटेड सिंगलबेड
3 बेडशीट ₹449 में
100% COTTON ONLY PLAIN SINGLE BEDSHEET
अविश्वसनीय रेट ऑफर...
*condition apply
ऑफर सिर्फ आज के लिये
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा।
5% CASHBACK SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई
गुरुद्वारा रोड, दुर्ग • पुलगांव चौक, दुर्ग

## खबर संक्षेप



### बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई

**दुर्ग।** महामाया बुद्ध विहार कर्मचारी नगर दुर्ग में महान समाज सुधारक संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। जिसका समिति अध्यक्ष प्रीति थूल ने संचालन किया। वरिष्ठ मूर्तिकार, कविता के लेखक लक्ष्मीनारायण कुंभकार, राकेश बमार्डे और दीपक रोडगे ने गुरु घासीदास बाबा के जीवन के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में समिति के सचिव वैशाली घरड़े, कोषाध्यक्ष स्मिता सुखदेवे, नेहा बागड़े, ज्योति वासनिक , रीना बोरकर, जीजाबाई भगत, रश्मि सेलारे, सुभाष गेडाम, भरत सेलारे, विशाखा खापर्डे, ज्वाला बंजारी आदि उपस्थित थे।

### राजनीतिक दलों की बैठक 23 दिसम्बर को

**दुर्ग।** जिले की प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक 23 दिसम्बर को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

### दिव्यांगजों के लिए प्लसेमेंट कैम्प 23 को

**दुर्ग।** मूकबधिर, श्रवणबधिर दिव्यांगजन जिनकी आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष तक है। महिला एवं पुरुष दोनों दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 दिसम्बर को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे विशेष रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस परिसर, राजभवन के बाजू सिविल लाईस रायपुर में किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैम्प में फ्लिपकार्ट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा एक्सीक्यूटिव असिस्टेंट के 10 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों को स्कैनिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, पैकिंग, पीकिंग, शॉर्टिंग का कार्य करना होगा। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के समस्त इच्छुक मूकबधिर, श्रवणबधिर दिव्यांगजन अपने सभी प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

# पेवर ब्लॉक निर्माण में नहीं चलेगी लापरवाही : महापौर अलका

## जवाहर नगर में 9 लाख के निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

वार्ड क्रमांक 18 जवाहर नगर गेट से आशीर्वाद भवन तक लगभग 9 लाख रुपये की लागत से चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेने महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद सुरुचि उमरे, जितेंद्र राजपूत एवं कार्य के ठेकेदार भी उपस्थित रहे। महापौर अलका बाघमार ने प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर के संग जवाहर नगर गेट के पास सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए पेवर ब्लॉक की फिनिशिंग, लेवलिंग और मजबूती को परखा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ब्लॉकों की गलत बिछावट, सतह में असमानता तथा किनारों पर कंक्रीट ढलाई की कमी नहीं होनी चाहिए, महापौर अलका बाघमार एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने स्वयं मौके पर माप-जोख कर कार्य की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने संबंधित उपअभियंता एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि स्थल पर नियमित निगरानी रखी जाए और निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का निरंतर मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

महापौर श्रीमती बाघमार एवं प्रभारी श्री चंद्राकर ने ठेकेदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं तय तकनीकी मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं। समय पर कार्य पूर्ण नहीं होने या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### उचित बेस बनाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देश दिए गए कि पेवर ब्लॉक बिछाने से पहले और बाद में दोनों ओर समुचित कंक्रीट ढलाई की जाए, जिससे ब्लॉक मजबूत एवं लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। साथ ही, ब्लॉकों की सही लेवलिंग, उचित बेस तैयार करने और कार्यस्थल पर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। जहां-जहां सुधार की आवश्यकता है, वहां तत्काल दुरुस्ती कर पुनः कार्य कराने को कहा गया।

## समस्या : चौक की कमी से हादसों का डर, पूर्व पार्षद ने उठाई मांग

# कोसानगर में अवैध खटाल, नालियों पर कब्जा, बरसात में बाढ़ से परेशानी

वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 5 कोसानगर में अवैध खटाल और नालियों पर कब्जे से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। लंबे समय से यहां कई खटाल गैरकानूनी रूप से संचालित हो रहे हैं। पहले मवेशी घरों के भीतर रखे जाते थे, लेकिन अब उन्हें सड़कों पर बांधा जा रहा है। इससे आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से जल्द कार्रवाई कर अवैध खटाल हटाने, नालियों से कब्जा मुक्त कराने और मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की है।

लोगों ने बताया कि मवेशियों का गोबर नालियों में बहने से गंदगी बढ़ रही है और नालियों की नियमित सफाई भी नहीं हो पा रही। यादव मोहल्ले में स्थित सार्वजनिक शौचालय की हालत बेहद खराब है। यह अब जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुका है। कोसानाला क्षेत्र में प्रवेश करते ही मार्केट एरिया में जगह-जगह नालियों पर अवैध कब्जा नजर आता है। इन कब्जों के चलते नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को नालियों की सफाई में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में नाला उफान पर आ जाता है और कई मोहल्ले में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। रहवासियों ने नाले के किनारे सुरक्षा दीवार बनाए जाने की मांग की है, ताकि पानी का फैलाव रोका जा सके। इसके साथ ही राधा कृष्ण मंदिर के पास स्थित सांस्कृतिक मंच के समीप डोम शेड लगाने की भी मांग उठाई गई है। लोगों का कहना है कि यहां अक्सर सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, लेकिन डोम शेड न होने से गर्मी और बारिश दोनों मौसम में परेशानी झेलनी पड़ती है।

### लंबे समय से अवैध खटाल संचालित





### अवैध खटाल से हालात बिगड़े

वार्ड क्रमांक 5 कोसानगर में लंबे समय से संचालित अवैध खटाल अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनते जा रहे हैं। स्थानीय निवासी राजेश यदु ने बताया कि खटाल संचालक सड़कों पर ही मवेशियों को बांधकर रखते हैं, जिससे गलियों से गुजरना तक मुश्किल हो जाता है। राजेश यदु के मुताबिक संकरी गलियों में मवेशियों के बंधे होने से पैदल चलने वालों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। कई बार लोग मजबूरी में सड़क छोड़कर नालियों के किनारे से निकलते हैं। हालात ऐसे हैं कि आए दिन विवाद की स्थिति बन जाती है। उन्होंने बताया कि जब कोई व्यक्ति मवेशियों को सड़क से हटाने की बात करता है, तो खटाल संचालक उल्टा लड़ाई-झगड़े पर उतर आते हैं। कई बार मौखिक और लिखित शिकायत के बाद भी अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।



### टोल प्लाजा पर चौक जरूरी

कोसानगर और राधिकानगर क्षेत्र के लोगों की परेशानी को लेकर पूर्व पार्षद जयप्रकाश यादव ने टोल प्लाजा के पास चौक बनाए जाने की मांग एक बार फिर उठाई है। उन्होंने कहा कि यह मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। जयप्रकाश यादव के मुताबिक, अगर टोल प्लाजा के पास चौक बनता है तो कोसानगर और राधिकानगर के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में सुपेला चौक से नेहरू नगर चौक तक जीई रोड पर डिवाइडर होने के कारण लोगों को इस पार से उस पार जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों को यदि सेक्टर क्षेत्र में जाना होता है तो उन्हें या तो सुपेला चौक या फिर नेहरू नगर चौक का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। पूर्व पार्षद ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि जनता की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए टोल प्लाजा के पास जल्द चौक का निर्माण किया जाए।



### प्रस्ताव भेजा गया

खटाल संचालकों को गोकुलधाम सिफ्ट करने का काम जारी है। सांस्कृतिक भवन में डोम शेड के लिए चार बार प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। कोसानाला टोलप्लाजा के पास चौक की मांग लगातार की जा रही। कलेक्टर से भी मिल चुका हूं। मामला एनएचए के अधिन होने के कारण उच्च स्तरीय बैठक की आवश्यकता है। वार्ड में तालाब निर्माण के लिए जगह चिन्हित हो गई है। जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। निरीक्षण के बाद अवैध कब्जाधारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**-संदीप निरंकारी,** पार्षद वार्ड 5 कोसानगर भिलाई

# स्वदेशी अपनाने और लोगों को प्रेरित करने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- स्वदेशी संकल्प यात्रा का भिलाई में भव्य स्वागत

कनफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में 2500 किलोमीटर प्रचार प्रसार के उद्देश्य से निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा 19 दिसंबर शुक्रवार को भिलाई पहुंची। शहर के व्यापारियों ने स्वदेशी संकल्प रथ का स्वागत किया।

कैट के सदस्यों ने वरिष्ट उपाध्यक्ष कैट छत्तीसगढ़ ज्ञानचंद जैन और भिलाई कैट वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम टावरी के नेतृत्व में आमदी सेक्टर श्रीराम चौक होते हुए,अस्पताल सेक्टर से सेक्टर 10 ए एवं बी मार्केट, सिविक सेंटर, सेक्टर 6ए मार्केट, आकाशगंगा सुपेला होते हुए विजय टॉकीज कैंप 1, कैंप 2, सर्कुलर मार्केट जवाहर मार्केट से सेक्टर 1, सेक्टर 4 होते हुए सिविक सेंटर में समापन हुआ। आयोजन का नेतृत्व भिलाई कैट के अध्यक्ष सुरेश रतनानी ने प्रभारी सचिव प्रदेश मार्गदर्शन देकर रूट का निर्धारण किया इस। सभी सदस्यों ने स्वदेशी अपनाने और जन मानस को प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान कैट के महासचिव सुरेंद्र कपूर, डी पी देशमुख, ब्रह्मदेव पटेल आदि मौजूद थे।

## सुशासन सप्ताह अभियान 22 दिसम्बर से

**दुर्ग।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग डीपीआरजी द्वारा संचालित सुशासन सप्ताह प्रशासन शहर की ओर 2025 अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में 25 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 22 दिसम्बर को जोन कार्यालय, आदित्य नगर, प्रातः 9.30 से सायं 4.30 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन एकत्रित कर सुशासन सप्ताह शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लें। इस विशेष शिविर के माध्यम से सार्वजनिक शिकायतों का त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं को सरलता से जनसामान्य तक पहुंचाया जाएगा।

# कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका संधारण, देयक पेंशन और मातृत्व अवकाश मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक

जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों और विभागीय अधिकारियों के मध्य अधिकारी-कर्मचारी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन, छत्तीसगढ़ लिपकीय वर्गी शासकीय कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस, छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ सहायक पशुचिकित्सक क्षेत्र अधिकारी संघ, राजस्व पटवारी संघ और छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की एजेण्डा पर विस्तारपूर्वक रायशुमारी कर निराकरण के प्रयास किये गये। कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों से विभागीय पदोन्नति की प्रक्रिया, विभागों में वरिष्ठता सूची का प्रकाशन, विभागीय जांच, सेवा पुस्तिका संधारण, सेवा निवृत्ति उपरान्त कर्मचारियों के देय स्वत्वों का भुगतान, कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण, चिकित्सक देयक, यात्रा भत्ता देयक, मातृत्व अवकाश, संतान पालन अवकाश, वेतन भुगतान आदि के संबंध में विभागवार जानकारी ली तथा अधिकारियों को कर्मचारी हित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग में अधिकारी-कर्मचारियों का वरीयता सूची का प्रकाशन समय पर हो, प्रकाशन पूर्व सूची का दावे आपत्तियां आमंत्रित की जाए। इसी प्रकार विभागीय जांच की कार्यवाही पर तत्परता बरते।

## ठेठवार यादव महासभा का पारिवारिक मिलन व सम्मान समारोह 21 को

**दुर्ग।** दुर्ग जिला ठेठवार यादव महासभा दुर्ग नगर का वार्षिक अधिवेशन, पारिवारिक मिलन, युवा-युवती परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन 21 दिसंबर को विवेकानंद सभागृह जेल चौक में किया जाएगा। आयोजन को लेकर महासभा के पदाधिकारी घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं।

अध्यक्ष गोविंदा लखन यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग नगर निगम की महापौर अल्का बाघमार करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में दुर्ग नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा, छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, सर्व समाज एवं सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, यादव ठेठवार समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद यादव, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ललिता यदु शामिल रहेंगे। आयोजन में समाज के बीच उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों, अधिवक्ताओं, राष्ट्रीय और नेशनल स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं में टॉप करने वाले एवं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, वरिष्ठजनों का सम्मान और समाज का वार्षिक अधिवेशन भी आयोजित किया जाएगा।

# आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने करेंगे कार्य : कौशिक



- भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य और जिला अध्यक्षों व महामंत्रियों की घोषणा के पश्चात दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रदेश पदाधिकारी और जिला मोर्चा के अध्यक्ष व महामंत्रियों की घोषणा की गई। निश्चित तौर पर इन सभी के द्वारा दुर्ग जिले के समस्त 17 मंडलों में अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर पार्टी की रीति नीति एवं केंद्र राज्य सरकार की जनहित कार्य योजनाओं का लाभ आम जनता को दिलाने सेतु की तरह कार्य करेंगे। इस दौरान महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल, युवा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष गौरव पांडेय, युवा मोर्चा प्रदेश कन्या शक्ति सह संयोजिका संस्कृति वर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिव्या कलिहारी, ममता देवांगन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**व्यक्तिगत सूचना**

रा०प्र०क्र०:-202504100700033/अ-6 (अ)/ वर्ष 2024-2025 ग्राम-रिसाली, प.ह.नं. 49, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

प्रति,
अहमद अली पिता स्व. मो. इसा, निवास क्वा. नं. 3/2 सड़क एवेन्यू बी, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

विषयः- इस न्यायालय का मामला क्रमांक / 202504100700033/अ-6(अ)/वर्ष 2024-2025 में उपस्थित होने बाबत्।

एतद् द्वारा इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक एस. प्रसाद पिता स्व. एस. सूर्य नारायण, निवासी-सेक्टर 05 भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.म. रिसाली तह. व जिला दुर्ग खसरा नंबर 269/1 रकबा 0.0200 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में स्थित है आवेदक के नाम पर स्थित वर्णित उल्लेखित भूमि की वर्तमान आनलाईन राजस्व रिकार्ड नाम आवेदक के नाम के साथ अहमद अली पिता स्व. मोहम्मद ईसा का नाम दर्ज कर दिया गया है जो कि गलत है लिपिकिय त्रुटि है। आवेदक वर्णित उल्लेखित भूमि दिनांक 03.10.1997 को क्रय करते हुए वर्णित भूमि पर कब्जा में होकर उपभोग उपयोग आज वर्तमान समय तक कर रहा है। और वर्ष 2017-18 तक आवेदक का नाम आनलाईन राजस्व रिकार्ड में दर्ज है परंतु वर्ष 2023-24 में हल्का पटवारी द्वारा ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में आवेदक के नाम के साथ अहमद अली पिता स्व. मोहम्मद ईसा का नाम दर्ज कर दिया गया है जो कि गलत है जिसे विलोपित करते हुए आवेदक एस. प्रसाद पिता स्व. एस. सूर्य नारायण का नाम यथावत् रखे जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रकरण में आप सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए हैं। अतएव इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में आप सुनवाई दिनांक 14/01/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते हैं। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। जिसके लिये आप स्वतः जवाबदार होंगे।

आज दिनांक 27/11/25 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह सूचना जारी किया गया।

**तहसीलदार, दुर्ग**

## बच्चों ने मंत्री गजेन्द्र यादव का जताया आभार

# कबड्डी खिलाड़ियों के लिए मंत्री ने दी मैट

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- बघेरा के बाल खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधा



बघेरा क्षेत्र के बाल खिलाड़ियों को कबड्डी अभ्यास के लिए कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल से मैट उपलब्ध कराया गया है। मैट मिलने से उत्साहित बाल खिलाड़ियों ने शिक्षा मंत्री के कार्यालय पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया और थैंक यू बोलकर आभार अताया।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव कुछ दिन पूर्व मॉर्निंग विजिट के दौरान बघेरा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कबड्डी का अभ्यास कर रहे बच्चों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए थे। बाल खिलाड़ियों ने अभ्यास को बेहतर बनाने के लिए कबड्डी मेट की मांग किये थे, जिसे मंत्री गजेन्द्र यादव ने तत्काल गंभीरता से लिए और आज उनकी यह मांग पूरी हो गई। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि बघेरा वार्ड स्थित मानस मंडल क्रीड़ा समिति के बाल खिलाड़ियों की कबड्डी मेट की मांग को पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्ग में बच्चों को खेल के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है तथा शीघ्र ही स्विमिंग पूल भी तैयार हो जाएगा। बघेरा के बाल खिलाड़ी कबड्डी में बेहतर अभ्यास कर सकें, इसी उद्देश्य से उन्हें मैट उपलब्ध कराया गया है।

## बिजनेस साइट

# बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग के काफी सारे फायदे

**भिलाई।** जैसे-जैसे बाजार उम्मीदों और तनाव के दौर से गुजरते हैं, निवेशक तेजी से बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग अपना रहे हैं, यह एक ऐसी रणनीति है जो पोर्टफोलियो को अर्थव्यवस्था की बदलती लय के साथ जोड़ती है। एक निश्चित एलोकेशन पर टिके रहने के बजाय, यह इस आधार पर सेक्टर एक्सपोजर को बदलता है कि अर्थव्यवस्था ठीक हो रही है, विस्तार कर रही है, धीमी हो रही है, या सिकुड़ रही है।



**के जानकी**
**म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई**

**बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग क्या है ?**

यह दृष्टिकोण इस विचार पर आधारित है कि इकोनॉमिक साइकिल का प्रत्येक चरण कमाई, मांग, ब्याज दरों और बाजार की भावना को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है। मैक्रो रुझानों और नीति संकेतों पर नजर रखकर, निवेशक उन सेक्टर्स की ओर रुख कर सकते हैं जिन्हें फायदा होने की संभावना है और उन सेक्टर्ससे पीछे हट सकते हैं जिनके पीछे रहने की संभावना है।

**चार चरण और सेक्टर के रुझान**

मोटे तौर पर, इकोनॉमिक साइकिल चक्र चार चरणों से गुजरते हैं, जिनमें से प्रत्येक अलग-अलग सेक्टर्सके लिए फायदेमंद होता हैः

रिकवरीः मंदी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार होता हैः बैंकिंग, रियल एस्टेट और पूंजीगत सामान को आमतौर पर फायदा होता है क्योंकि क्रेडिट और गतिविधि में सुधार होता है।

विस्तारः विकास मजबूत होता है, उपभोक्ता खर्च, ऑटो, ऊर्जा और धातुएं आमतौर पर आगे रहती हैं।

मंदी/कमीः मांग कमजोर होती है, उपभोक्ता प्रधान वस्तुएं, फार्मा और आईटी जैसे रक्षात्मक सेक्टरस्थिरता प्रदान करते हैं।

गिरावटः तेजी से बदलते हालात, यूटिलिटीज, हेल्थकेयर और गुणवत्ता वाले लार्ज कैप लचीलापन प्रदान करते हैं।

**फंड मैनेजर साइकिल्सकी पहचान कैसे करते हैं ?**

फंड मैनेजर मुद्रास्फीति, ब्याज दरें, राजकोषीय खर्च और कैपेक्स जैसे मैक्रो संकेतों के साथ-साथ पीएमआई और बिजनेस कॉन्फिडेंस सर्वेक्षण जैसे भावना संकेतकों पर नजर रखकर इकोनॉमिक साइकिल्सका आकलन करते हैं। वे वैश्विक रुझानों पर भी नजर रखते हैं, जिसमें प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विकास की संभावनाएं और चीन का क्रेडिट चक्र शामिल है। मजबूत क्रेडिट मांग और उच्च विवेकाधीन खर्च आमतौर पर विस्तार का संकेत देते हैं, जबकि उच्च मुद्रास्फीति और कमजोर निवेश अक्सर आने वाली मंदी की ओर इशारा करते हैं।

**यह रणनीति क्यों ?**

यह रणनीति इसलिए काम करती है क्योंकि डायनेमिक एलोकेशन सेक्टर के अवसरों को पकड़ता है, रक्षात्मक बदलाव अस्थिरता को कम करते हैं, और मैक्रो रुझानों के साथ तालमेल बनाए रखना लॉन्गटर्म वेल्थ क्रिएशन में मदद करता है।

**किसे निवेश करना चाहिए ?**

बिजनेस साइकिल फंड्स उन निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं जिनकी जोखिम लेने की क्षमता अपेक्षाकृत अधिक है और जिनका क्षितिज तीन से पांच साल का है जो प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव को संभाल सकते हैं। आर्थिक संकेतों के आधार पर सक्रिय सेक्टर रोटेशन के साथ, ये फंड्समार्केटसाइकिल्स में जोखिमों का प्रबंधन करते हुए उच्च रिटर्न प्राप्त करने का एक अनुशासित तरीका प्रदान करते हैं।

**म्यूचुअल फंड मार्ग क्यों ?**

बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग पोर्टफोलियो को आर्थिक बदलावों के साथ तालमेल बनाती है, जिससे स्थिर विकास संभव होता है। क्योंकि साइकिल को ट्रैक करना मुश्किल है, इसलिए निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड्सजैसे प्रोफेशनली मैनेज्ड बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड चुन सकते हैं, जिसने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसका 3-साल का सीएजीआर 21.66 प्रतिशत और शुरू से (जनवरी 2021) 28 नवंबर, 2025 तक सीएजीआर 21.58 प्रतिशत रहा है।

## खबर संक्षेप

### आलबरस में घासीदास जयंती व मंडई 22 को

**अंडा।** गुरु घासीदास जयंती गुरु पर्व एवं मंडाई जय स्तम्भ चौक ग्राम आलबरस में 22 दिसंबर को किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग सरस्वती बंजारे, विशेष अतिथि पंथी के पितामह पुराणिक लाल चेलक, सैनिक भुवन लाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस, अध्यक्ष सतनाम भवन सेक्टर 6 बीएल कुर्रे, राजभाषा सचिव रायपुर अनिल भतपहरी, अध्यक्ष सतनामी आश्रम दुर्ग चंद्रशेखर बंजारे, अध्यक्ष दुर्ग तहसील सतनामी समाज शीतल कोठारी, अध्यक्ष अंडा निकुम मंडल लीकेश्वर देशमुख, दुर्ग तहसील सतनामी समाज पूर्व अध्यक्ष दिनेश देशलहरे राजमहंत सहित आदि उपस्थित रहेंगे। वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रम नवा किरण लोककला नाचा संस्था भंडारपुर डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### राष्ट्रशौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ जारी




**अंडा।** ग्राम अंजोरा की पावन धरती पर राष्ट्र–शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस महायज्ञ की सबसे विशेष और गौरवपूर्ण बात यह रही कि इसमें दंपति यजमानों ने श्रद्धा, संयम और पूर्ण विधि-विधान के साथ सहभागिता की। भारतीय संस्कृति में यज्ञ को गृहस्थ जीवन का आधार स्तंभ माना गया है।

## निधन

### बाबू लाल साहू



**भिलाई।** भिलाई 3 निवासी बाबू लाल साहू का निधन 17 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 दिसम्बर को भिलाई 3 मुक्तिधाम में किया गया। वे दीपक, ललित, प्रदीप के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### किशोर जैन



**भिलाई।** प्लाट नं 7 स्ट्रीट नं 2 प्रगति नगर जैन मंदिर के पीछे रिसाली निवासी किशोर जैन 56 वर्ष का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से निकलेगी। अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में होगा। वे मणिचंद जैन के पुत्र, धीरेन्द्र जैन के भाई व भारती जैन के पति थे।

### संगीता चौहान



**भिलाई।** क्वार्टर नंबर 2बी, सड़क नंबर 1, सेक्टर 1 निवासी संगीता चौहान का निधन 19 दिसंबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 20 दिसंबर को निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अभय चंद चौहान की पत्नी थीं।

---

### धान खरीदी शुरुआत के साथ ही हुई थी बारदाना वजन की शिकायत

# नया बारदाना फेल, अतिरिक्त धान बना संकट, समिति की आफत बढ़ी

**बढ़ गई कर्मचारियों की परेशानी, मामला धमधा ब्लाक के खिलोराकला का**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धान खरीदी के दौरान बारदाना के निर्धारित वजन को लेकर शुरुआत से ही शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन समय रहते समाधान नहीं होने का खामियाजा अब सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। यह विवाद अब उनके लिए गले की फाँस बन गया है। मामला धमधा ब्लॉक के ग्राम खिलोराकला में बीते दिनों हुए कथित अवैध धान भंडारण सहित अन्य मामलों से जुड़ा है। कलेक्टर के निर्देशन में एडीएम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद समिति कर्मचारियों की परेशानियाँ और बढ़ गई हैं।

समिति कर्मचारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया नया बारदाना मानक के अनुसार 580 ग्राम वजन का होना चाहिए, जबकि पूर्व में भी और वर्तमान में भी बारदाना 460, 500 एवं 520 ग्राम वजन का ही प्राप्त हो रहा है। ऐसे कम वजन और कमजोर गुणवत्ता वाले बारदाने में 40 किलो धान तो किसी तरह भर दिया जाता है, लेकिन धान की पूर्ण भर्ती के बाद सिलाई नहीं हो पा रही है। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि सिलाई न होने के कारण कुछ मात्रा में धान बच जाता है, जिसे समिति द्वारा मजबूरी में अलग एकत्रित करना पड़ता है। कभी कहा जाता है कि धान सुरक्षित रखा जाए, तो कभी उसी बचत धान को "अतिरिक्त धान" बताकर कार्रवाई की जाती है, जिससे कर्मचारी असमंजस और भय के माहौल में काम करने को मजबूर हैं।

इस संबंध में जनप्रतिनिधियों का भी कहना है कि यदि बारदाना मानक वजन का नहीं है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी समिति कर्मचारियों पर डालना अनुचित है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह प्रशासनिक व्यवस्था की खामी है और कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि पहले बारदाना आपूर्ति और गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जब तक यह समस्या दूर नहीं होती, तब तक कर्मचारियों पर की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

इस पूरे मामले से जिले की सेवा सहकारी समितियों के कर्मचारी भारी मानसिक दबाव में हैं। बचत धान को कहाँ और कैसे रखा जाए, यह एक गंभीर समस्या बन चुकी है, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक कार्रवाई की तलवार लगातार उनके सिर पर लटकी हुई है।

---





## जान जोखिम में डाल पढ़ाई कर रहे निपानी स्कूल में बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निपानी में विद्यार्थी अपनी जान जोखिम में रखकर पढ़ाई करने मजबूर हैं। सरपंच एवं ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि कई बार बी ई ओ, एसडीएम को इस स्कूल के जर्जर भवन को ढहाने के लिए लगातार अवगत करा चुके हैं लेकिन वर्तमान सरकार के रवैए से विद्यार्थी, पालक सभी त्रस्त हो चुके हैं। दुर्ग जिप के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू का कहना है शिक्षा गुणवत्ता अभियान में सभी स्कूलों में शिक्षक की कमी, किचनसेड, बिल्डिंग की कमी, मरम्मत के लिए फंड नहीं सहित अनेकों परेशानी है। जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने कहा कि मैने पूर्व में भी जनपद के सदन में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थिति के बारे में आवाज उठाई थी। रानीतराई मिडिल स्कूल में शिक्षक विहीन है रिकार्ड में तो पद स्वीकृति ही नही है यहाँ तक चपरासी भी नही है। कई बार ब्लाक के अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन समस्या हल नही हुई।

## संत शिरोमणि घासीदास बाबा संदेश को आत्मसात करें : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



सतनामी समाज घासीदास नगर व समस्त ग्रामवासी निकुम द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम निकुम सरपंच भागवत पटेल, सेवा सहकारी समिति निकुम अध्यक्ष भैया लाल साहू और रोशन देशमुख सहित सतनामी समाज के विशिष्ट अतिथि उपस्थिति रहे, इस अवसर पर बाबा घासीदास की आरती उतार कर झंडा लगाकर सत्यनाम का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने बाबा घासीदास की जयघोष करते हुए कहा, कि संत शिरोमणि घासीदास बाबा महान संत समाज सुधारक व मानवता का पुजारी बताते हुए कहा कि बाबा जी के विचार समाज में सही दिशा प्रदान करते है हमे उनके जीवन को आत्मसात करते हुए उनके विचार, संदेश जो कि मनखे मनखे एक समान को जीवन में संकल्प लेते हुए समाज में आदर्श स्थापित करें। वहीं सामाजिक भवन की मांग को स्वीकार करते हुए उन्होंने निर्माण करने की बात कही। अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत निकुम सरपंच भागवत पटेल और समिति के अध्यक्ष विकेश टंडन ने भी संबोधित किया।

### गोड़पेंड्री में दो दिवसीय आयोजन कल

सेलुद। समीप के ग्राम गोडपेंड्री में भव्य रूप से बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं मड़ाई मिलन समारोह का आयोजन 21 दिसंबर रविवार से किया जा रहा है। उपसरपंच पप्पू गायकवाड़ ने बताया कि पहले दिन भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर 1 बजे से पंथी नृत्य प्रतियोगिता होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पंथी पार्टी के कलाकार प्रस्तुति देंगे। 22 दिसम्बर सोमवार को पालो चढ़ाव संध्या 4 बजे से होगा। रात्रि के सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर ताल के झंकार कबीरधाम गायक अमित और कमल कोसले की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के 73 हितग्राहियों को राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत पात्र 73 हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु निर्धारित अनुदान राशि का भुगतान स्पर्श-एसएनए प्रणाली के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कुम्हारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत चयनित 73 हितग्राहियों के बैंक खातों में शासन द्वारा निर्धारित किश्तों के अनुसार राशि सीधे अंतरित की गई है, जिससे पारदर्शिता बनी है एवं हितग्राहियों को समय पर लाभ प्राप्त हुआ है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे आवास निर्माण कार्य को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें तथा आवश्यक दस्तावेज समय पर कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



आयुष स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 19 दिसम्बर को पुराना ग्राम पंचायत भवन परिसर करगाडीह में एक दिवसीय दुर्ग विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर निःशुल्क आयुष चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया।

उक्त कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्रवंशी के निर्देशन में तथा शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. विजेयता वर्मा (शासकीय आयुर्वेद औषधालय, डुंडेरा ) के मार्गदर्शन में समस्त आयुष टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के ग्राम करगाडीह के सरपंच करण कुमार सिंह , पंचगण एवं ग्राम सचिव उपस्थित रहे।शिविर में सभी प्रकार के नए एवं पुराने साध्य-असाध्य रोगों जैसे—जीर्ण वात रोग, आमवात, संधिवात, गठियावात, सायटिका, कमर दर्द, स्त्री रोग, जोड़ों का दर्द, चर्म रोग, मधुमेह, ज्वर, खाँसी, श्वास एवं बवासीर आदि—की जाँच एवं उपचार अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया। साथ ही लाभार्थियों को निःशुल्क आयुष औषधियाँ एवं आयुष काढ़ा (क्वाथ) का वितरण भी किया गया। इसमें कुल 469 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं जिसमें पुरुष 182 एवं महिलाएँ 233, बालक 23, बालिका 31 तथा 322 लोगों को आयुष काढ़ा (क्वाथ) का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त रक्तचाप, रक्त शर्करा, रक्त परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं।

---

## अंचल की खबरें

### स्कूली बच्चों में बढ़ती नशाखोरी पर जताई चिंता



**उतई।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता निरीक्षण के अंतर्गत कलेक्टर दुर्ग के ग्राम पाऊवारा ,कोकड़ी के अंकेक्षण के बाद जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने बोरीगारका व करगाडीह स्कूल का अंकेक्षण किया। उन्होंने बच्चों के शिक्षा के स्तर को बढ़ाने संबंधित लोगों से चर्चा की और सुझाव लिए। इस संदर्भ में उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बी आर सी व संकुल समन्वयक के साथ बैठक जनपद सभागार दुर्ग में ली। इस दौरान संकुल समन्वयकों ने स्कूलों में छोटे बच्चों में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जताई गई। जिस पर राकेश हिरवानी ने कहा कि इसके लिए स्कूलों में अभियान चलाना जरूरी है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों व पालकों का सहयोग लेकर बच्चों को नशा से दूर रखने विशेष बल दिया जाये। स्कूल परिसर में असमाजिक तत्वों के रात में जमावड़े की शिकायत शाला प्रबंधन द्वारा थाने दी जाये। समन्वयकों ने स्कूल में सोखता गढ्ढा मनरेगा के माध्यम से कराये जाने और शिक्षकों ने छात्रों का बीमा करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्कूल के स्तर को बनाए रखने प्रत्येक माह अधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल का सतत निरीक्षण किया जाये। बैठक में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला और बीआरसी श्रवण सिन्हा ने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष निर्देश दिए।

### हितग्राहियों को मिले उज्ज्वला गैस चूल्हा व सिलेंडर



**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत ग्राम कुगदा के 20 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री मंत्री उज्वला जन कल्याणकारी योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर व चूल्हा वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद राजमहंत ओंकार प्रसाद मारकंडे ने प्रदान किया। गौरतलब है कि अब तक प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत देश के करोड़ों परिवार को इसका लाभ मिल चुका है। ग्राम कुगदा की माताओं ने मुफ्त गैस सिलेंडर व चूल्हा पाकर खुशी जाहिर की एवं सभी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

### यात्री प्रतीक्षालय के लिए किया भूमिपूजन



**पाटन।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के भक्त माता कर्मा वार्ड 8 में यात्री प्रतीक्षालय हेतु भूमिपूजन किया गया। यहां पार्षद निधि राशि की 3 लाख की लागत से निर्माण कार्य होगा। उक्त प्रतीक्षालय शीतला माता मंदिर तालाब के पास झंडा चौक अमलेश्वरडीह में बनेगा। यात्री प्रतीक्षालय एवं नाली निर्माण कार्य की भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद डोमन यादव, उमेश साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमलेश्वर,पार्षद मालती गिरधर साहू माँ दुर्गा माता वार्ड 9,गिरधर साहू पार्षद प्रतिनिधि एवं ग्राम समाज कोषाध्यक्ष, घनाराम चेलक पार्षद प्रतिनिधि, चैनसिंह साहू ग्राम समाज अध्यक्ष, रामाधार साहू समाजसेवी ,घासीराम यादव समाजसेवी,महेश यादव पाली अध्यक्ष अमलेश्वर, हेमलाल साहू पार्षद, भागीराम साहू स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष, डॉ, अश्विनी साहू अध्यक्ष पर्यावरण संरक्षण मित्र समिति छत्तीसगढ़,रमेश यादव,तुलाराम साहू,गिरिजानन्द साहू, आकाश चेलक, छोटू साहू, सुरेश साहू, पुनारद निर्मलकर और लाकेश साहू की उपस्थिति रही।

### हमर वार्ड हमर परिवार योजना से दी सहायता राशि



**पाटन।** नगरपालिका परिषद अमलेश्वर में खुड़मुडा.वार्ड क्रमांक 07 के युवा पार्षद खुबीराज सोनकर ने हमर वार्ड हमर परिवार योजना अंतर्गत सहायता राशि दी। उन्होंने वार्ड में निवासरत रोहनबाई सोनकर के स्वर्गवास होने पर उनके परिवारजनों को दशगात्र एवं अन्त्येष्टि संस्कार कार्यक्रम हेतु 5000/- की सहायता राशि देकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। युवा पार्षद खुबीराज सोनकर सामाजिक धार्मिक क्षेत्रों में अपने नेक कार्य से अलग पहचान बना रहे हैं।

### श्रीविष्णु धाम ओटेबंद में विशाल हिंदू सम्मेलन आज



**जामगांव आर।** सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 20 दिसंबर शनिवार को श्री विष्णु धाम ओटेबंद में आयोजित है। जिसमें गुरू घासीदास पूजन ,पंथी नृत्य व सामाजिक वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह होगा। यहां रूपनारायण सिन्हा (अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन) , देवेंद्र दास साहेब (कबीर आश्रम करहीभदर) और डॉ लीना साहू (संघ के प्रांत टोली सामाजिक सदभाव) उपस्थित रहेंगे। दोपहर 12 बजे से ग्राम में रैली प्रारंभ होगी। जिसमें मंडल के 23 गांवों के जनमानस सहयोगी बनेंगे।

---

## बिजनेस साइट

### उदय कॉलेज में मनाई गुरु घासीदास जयंती



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई में 19 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाया गया। बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्राध्यापक महिमा, यामिनी साहू, खिलेद्र साहू, कुशल ताम्रकर, रंजीता द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। खिलेद्र साहू एवं साथी, दिव्या एवं साथी द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने बाबा गुरु घासीदास के विचारों को अपनाकर सत्य के मार्ग पर चल कर एक समतामूलक समाज का निर्माण करना है एवं अपने आचरण में शुद्धता लाकर समाज में प्रेम और भाई चारा बढ़ाने का संदेश दिया। मंच का संचालन बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्राध्यापक लाईबा एवं प्रिया देशमुख ने किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**बाबा गुरुघासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल**

# बघेल बोले-आज मैं जो कुछ भी हूं, बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। वार्ड क्रमांक 6 गुरु घासीदास सत्संग विकास समिति कुम्हारी एवं वार्ड 17 गुरु घासीदास सेवा समिति रामपुर चोरहा के इस आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल ने चौका पूजा में शामिल होकर बाबा जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों को जयंती की बधाई दी। इस दौरान श्री बघेल ने कहा कि आज वह जो कुछ भी हैं, बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद और उनके दिखाए मार्ग की बदौलत हैं। जयंती समारोह के दौरान क्षेत्र की मांग को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने रामपुर चोरहा वार्ड क्रमांक 17 में समाज के लिए सतनाम भवन निर्माण कराए जाने का ऐलान किया। उन्होंने कामना की कि बाबा गुरु घासीदास जी का आशीर्वाद सभी प्रदेशवासियों पर सदैव बना रहे और समाज में शांति व भाईचारा कायम रहे। कार्यक्रम में सतनामी समाज के पदाधिकारी सदस्यगण जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



### गुरु घासीदास जयंती पर जुटे ग्रामीण

अंडा। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी भाठापारा में युवा शक्ति समिति चिंगरी भाठापारा के तत्वावधान में गुरु घासीदास जयंती एवं मंडई का कार्यक्रम पूरी श्रद्धा, उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ध्वजारोहण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा (जिला पंचायत सदस्य, दुर्ग) सहित बेला यादव (सदस्य, जनपद पंचायत दुर्ग), टिकेश्वरी लाल देशमुख (पूर्व सभापति, जनपद पंचायत दुर्ग), भूषण देशमुख (उपसरपंच, ग्राम चिंगरी) एवं पुष्पा देशमुख (पूर्व सरपंच, ग्राम चिंगरी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। रात्रि में आयोजित छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम "लोक रंजनी, रायपुर" ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समिति अध्यक्ष संतोष कुमार खुटेल ने आयोजन की सफलता का श्रेय समस्त समिति सदस्यों, कलाकारों एवं ग्रामवासियों को दिया। इस अवसर पर दिनेश बघेल, कलीराम खुटेल, मुकेश बंजारे, अश्विनी खुटेल, सुरेंद्र सूर्यवंशी, थानु, भूषण देशमुख, सुनील टंडन, गोल्डी, अजय चतुर्वेदी, पप्पू साहू, कृष्णा राम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जीवन जीने का संदेश दिया बाबा घासीदास ने : कल्पना



**जामगांव आर।** संत शिरोमणि गुरुघासीदास की 269 वीं जयंती मे कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने ग्राम बटरेल, खोला, बोरवाय असोगा जयंती समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि सत्य मार्ग पर चलकर जीवन जीने का संदेश देकर बाबा ने मानव जाति को जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग बताया। इस दौरान समारोह में नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन, ऐमन आठे सरपंच बटरेल, कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर, बी.एल कौशिक, अजय साहू जनपद सदस्य पाटन, बसंत साहू आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### मकान से ब्रीफकेस पार करने वाला गार्ड गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सुपेला थाना क्षेत्र के ओल्ड नेहरू नगर में 17 दिसंबर की शाम अतुल कुमार अग्रवाल के मकान में चोरी हुई थी। कारोबारी ने मकान के सुरक्षा में तैनात प्राइवेट गार्ड पर चोरी का आरोप लगाया था। कारोबारी अतुल कारखाने से सीधे घर पहुंचा था। उसके हाथ में काला ब्रीफकेस था, जिसमें कंपनी के 2 लाख रुपए नगद, वोटर आईडी और कई दस्तावेज रखे थे। मकान पहुंचने पर उसने बाहर तैनात गार्ड सन्नी साहू को ब्रीफकेस ऊपर कमरे में पत्नी को देने के लिए कहा था। कुछ ही देर में ब्रीफकेस गायब हो गया और गार्ड भी मौके में नहीं था। पीड़ित ने सुपेला पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संदिग्ध गार्ड सन्नी साहू निवासी वार्ड 18 जामुल को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने कारोबारी के यहां घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से ब्रीफकेस, 2 लाख रुपए नगद, वोटर आईडी, कई दस्तावेज जब्त किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

### ट्रक में लगी आग मशक्कत के बाद बुझी

**भिलाई।** अज्ञात खड़ी ट्रक पर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस व दमकल की टीम पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक केनाल रोड परशुराम चौक पावर हाउस जोन 1 के पास ट्रक खड़ी थी। आग लगने पर मौके पर दमकल की टीम पहुंची और पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया गया। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। ट्रक किसका है अभी पता नहीं चल पाया है। इस दौरान टीम में दल प्रभारी प्रवीण बारा, दमकल में नरोत्तम टंडन, राजूलाल, योगेश्वर, शारदा प्रसाद, हीरामन मौजूद थे।

# रिसाली जनसमस्या निवारण शिविर में 170 मामलों का हुआ निराकरण

## दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने लाइसेंस बनाने वार्डों में शिविर लगाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुशासन सप्ताह के पहले दिन नगर पालिक निगम रिसाली के दशहरा ग्राउंड में हुए जनसमस्या निवारण शिविर में 170 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। शिविर में कुल 292 आवेदन प्राप्त हुए थे। 122 आवेदनों का निराकरण समय अवधि में किया जाएगा। शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने लर्निंग लाइसेंस बनाने वार्डो में शिविर लगाने की निर्देश दिए है।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने हितग्राहियों से सीधे चर्चा की और समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को निर्देश दिए कि परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर दुरस्त वार्डो में लाइसेंस बनाने शिविर लगाए। इसके अलावा दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि महतारी वंदन के हितग्राही भटक रहे है। औपचारिकताओं में कमी होने के कारण उन्हें नियमित राशि नहीं मिल रही है। कार्यालय तक पहुंचे हितग्राहियों से शिकायत लेकर उसे निराकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग भेजा जाए ताकि समय रहते समस्या का निराकरण हो सके। विधायक ने मौके पर पहुंची महतारी वंदन की हितग्राही का केवाइसी भी तत्काल कराने के निर्देश दिए। वहीं रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा ने इस तरह के शिविर का लाभ वंचितों को मिलना बताया। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयत्न हर्ष संभव करे। इस अवसर पर शिविर में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, पार्षद विधि यादव, खिलेन्द्र चंद्राकर, शीला नारखेड़े, अनूप डे, सविता ढवस, सरिता देवांगन, डॉ. सीमा साहू, विनय नेताम, चंद्रप्रकाश सिंह निगम, परमेश्वर कुमार आदि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत आयुक्त मोनिका वर्मा ने किया।

### नामांतरण पर कलेक्टर से की चर्चा

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नामांतरण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने कलेक्टर से टेलीफोनिक चर्चा की। विधायक ललित ने कहा कि रिसाली निगम को बीएसपी ने रिहायशी क्षेत्र की जमीन को हस्तांतरित किया है। नामांतरण प्रक्रिया शेष होने के कारण नागरिकों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।





### मांग अधिक शिकायत कम

जनसमस्या निवारण शिविर में 40 वार्ड के 292 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। अधिकांश आवेदन आधार कार्ड से संबंधित थे। जिनका निराकरण किया गया। प्राप्त पत्र में 286 मांग है वहीं 6 शिकायत संबंधी है। जिसमें 170 आवेदनों का निराकरण किया गया।

## महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों को मिली मंजूरी

# राधिकानगर स्लाटर हाउस होगा शहर से बाहर, सर्विस रोड का होगा चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राधिकानगर से स्लाटर हाउस हटाए जाने का विवाद एमआईसी के निर्णय के बाद थम गया है। एमआईसी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि अब स्लाटर हाउस को शहर से बाहर बनाया जाएगा। इसके लिए विशेष तकनीकी टीम बनाई जाएगी।

इसके साथ ही जोन दो वैशालीनगर वार्ड 22 में गौ आश्रय केंद्र संचालित किए जाएंगे। लाल बहादुर शास्त्री हास्पिटल से साक्षरता चौक तक सर्विस रोड का चौड़ीकरण कर डामरीकरण किया जाएगा। वार्ड 54 सेक्टर 1 विवेकानंद उद्यान में मॉर्डन सियान सदन निर्माण करेंगे। भिलाई महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में ये निर्णय लिए गए। शहर के सफाई व्यवस्था, डोम शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, भूखण्डों का 30 वर्षीय लीज, सर्विस रोड निर्माण कार्य कराये जाने सहित विभिन्न एजेंडा महापौर परिषद से पारित किए गए।

### वार्ड 22 में गौ आश्रय केंद्र भी होगा संचालित




### छावनी लाल मैदान में डोम शेड

एमआईसी ने जोन 3 अंतर्गत वार्ड 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति दी। जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड 22 कुरुद में एसएलआरएम सेंटर के पास स्थित गौ आश्रय केन्द्र का संचालन एवं रखरखाव कार्य के लिए सहमति बनी। वार्ड क्रं. 18 कान्ट्रेक्टर कालोनी लाल बहादुर शास्त्री हास्पिटल से साक्षरता चौक तक सर्विस रोड का चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य की स्वीकृति एवं वार्ड 54 सेक्टर 1 विवेकानंद उद्यान में मॉडर्न सियान सदन निर्माण कार्य किए जाने की चर्चा कर स्वीकृति मिली है।

### राधिकानगर स्लाटर हाउस का चल रहा था विरोध

राधिकानगर स्लाटर हाउस को लेकर कई दिनों से विरोध चल रहा था। वार्डवासी यहां स्लाटर हाउस निर्माण को लेकर उद्धेलित थे। एमआईसी में इसका प्रस्ताव आया तो इसे लेकर काफी मंथन करना पड़ा। महापौर परिषद की बैठक में नव निर्मित स्लॉटर हाउस के संचालन एवं रख-रखाव हेतु रुचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव लाया गया तो राधिका नगर के पार्षद और एमआईसी सदस्य आदित्य सिंह इसे जन विरोधी निर्णय बताकर विरोध दर्ज भी करवाया। इस पर सभी एमआईसी सदस्यों और महापौर ने भी अपना समर्थन देते हुए इसको शहर से बाहर ले जाने हेतु और अन्यत्र शिफ्ट करने पर सहमति दी।

### 15 वें वित्त आयोग के मद से खरीदी जाएगी जटायु मशीन

निगम क्षेत्रांतर्गत जोन 1 से 5 तक आने वाले वार्डों में स्कोप आफ वर्क अंतर्गत नाली, सड़क बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई-रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य के लिए कार्य आधारित निविदा पर चर्चा हुई। इस कार्य के लिए 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत जटायु मशीन क्रय करने की सहमति दी गई।

### नाला चैनलाइजेशन कार्य को मंजूरी

जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत कोसानगर रेल्वे स्टेशन शहरी गौठान के पश्चिम में नाला चैनलाईजेशन कार्य किए जाने के संबंध में परिषद से सहमति व्यक्त की गई। महापौर परिषद की बैठक में लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, एकांश बंछोर, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, लेखाधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कंसेंट लेटर लिए बिना काट दी महिला की उंगली, अस्पताल में मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ खुर्सीपार स्थित गिंदौड़ी देवी मेमोरियल चेरिटेबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की घटना

भिलाई के खुर्सीपार स्थित गिंदौड़ी देवी मेमोरियल चेरिटेबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में एक गरीब महिला की बिना बताए उंगली काटने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि डॉक्टर ने उनसे ना तो कंसेंट लेटर में साइन लिया और ना उंगली काटने की जानकारी दी। अपनी मर्जी से उसकी उंगली को काट दिया है। इसको लेकर महिला और परिजनों ने शुक्रवार शाम जमकर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक महिला का नाम आरती साहू निवासी हथखोज है। महिला ने बताया कि वो हथखोज इंजीनियरिंग पार्क स्थित मयूरा कंपनी में लेबर का काम करती है। सोमवार को उसकी सुबह की शिफ्ट थी। वो काम कर रही थी कि अचानक उसके हांथ में लोहे की एक प्लेट गिर गई। इससे उसकी उंगली में फैक्चर आ गया। कंपनी के लोगों ने महिला को इलाज के लिए सोमवार शाम को गिंदौड़ी देवी मेमोरियल चेरिटेबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पहुंचाया। वहां आर्थोपैडिक सर्जन डॉ. स्वामीदेव भूपेंद्र ने महिला का इलाज किया और पट्टी बांधकर भेज दिया। शुक्रवार को महिला को चेकअप के लिए बुलाया गया था। महिला का कहना है कि जब वो अस्पताल पहुंची तो डॉ. स्वामीदेव ने महिला की उंगली की पट्टी हटाई तो वो पूरी तरह से काली पड़ गई थी। डॉक्टर ने महिला या कंपनी के लोगों को कुछ भी नहीं बताया। वो उसे ऑपरेशन थिएटर में ले गया और उसकी उंगली को काट दिया। जब महिला को होश आया तो उसने जमकर हंगामा किया और आरोप लगाया कि डॉक्टर ने बिना उससे या परिजनों से पूछे उसकी उंगली काटी है, जो कि गलत है।

### डॉक्टर ने कहा- दी गई थी जानकारी

डॉ. स्वामीदेव का कहना है कि जब महिला इलाज के लिए आई थी तो उसे बताया गया था कि उसकी उंगली काटनी पड़ सकती है। 4 दिन बाद महिला एक छोटी बच्ची के साथ आई थी, उंगली ना काटने से सड़न बढ़ जाती, इसलिए उन्होंने उंगली को काट दिया। वहीं महिला व परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने उन्हें ऐसा कुछ नहीं बताया था। डॉक्टर को यदि उंगली काटनी थी तो पहले महिला या उसेक परिजनों से सहमति पत्र में हस्ताक्षर करवाना था।

**200 रुपए में 10 घंटे करवाते थे काम:** महिला ने बताया कि वो बहुत गरीब है। जिस कंपनी में वो काम करती है वहां उसे 200 रुपए की दिहाड़ी दी जाती है और उसके एवज में 10-10 घंटे काम लिया जाता है। महिला को कंपनी के द्वारा ना तो पीएफ दिया जाता है और न ही ईएसआई कार्ड बनाया गया है।

# संडे बाजार में जाम से जनजीवन प्रभावित, जनहित संघर्ष समिति ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ कार्रवाई के लिए भिलाई नगर सीएसपी को सौंपा ज्ञापन

बीच सड़क पर लगने वाले संडे बाजार को लेकर एक बार फिर हालात बिगड़ने लगे हैं। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि लंबे संघर्ष और प्रयास के बाद जिस संडे बाजार को सड़क से हटाया गया था, वहीं समस्या अब दोबारा जस की तस खड़ी हो गई है। कार्रवाई के लिए भिलाई नगर सीएसपी को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निकट भविष्य में स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जनहित संघर्ष समिति एक बार फिर जन आंदोलन करेगी। जल्द ही समिति के पदाधिकारी कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर जनता की समस्याओं से अवगत कराएंगे। शारदा गुप्ता ने बताया कि शराब दुकान और अव्यवस्थित संडे बाजार के कारण इस मार्ग पर रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। 100 फीट चौड़ी सड़क संडे बाजार और अवैध पार्किंग के चलते महज 10 फीट में सिमट जाती है।

रोज हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन सड़क पर चलने की जगह ही नहीं बचती। उन्होंने कहा कि सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति फिर आम हो गई है। संडे बाजार में आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। फल-सब्जी के ठेले भी सड़क के बीच खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। हालात यह हैं कि लोग रेंगते हुए निकलने को मजबूर हैं। यह सड़क पटरी पार क्षेत्र के लोगों के लिए एकमात्र रास्ता है। इसी मार्ग से आईआईटी, रुंगटा कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी आते-जाते हैं। संयंत्र कर्मी, ट्यूशन जाने वाले बच्चे और आम नागरिक इसी सड़क पर निर्भर हैं। वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। इसी सड़क पर शराब दुकान स्थित है, जिसके कारण महिलाओं का आना-जाना भी मुश्किल हो गया है। जनहित संघर्ष समिति की ओर से पहले इस रोड पर फ्लाईओवर की मांग की गई थी, लेकिन प्रशासन ने इसे नजरअंदाज करते हुए अंडर ब्रिज को प्राथमिकता दी। अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उन्हें व्यवस्थित करने का साहस किसी में नजर नहीं आ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता सहित बृजमोहन उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, निशु पांडे, मदन सेन, विशालदीप नायर, आईपी मिश्रा, वशिष्ठ वर्मा शामिल थे।

# ट्विनसिटी के तीन प्रमुख होटलों से खाद्य विभाग ने लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया

खाद्य विभाग ने दुर्ग भिलाई के तीन बड़े होटलों का औचक निरीक्षण किया और वहां से खाने पीने की चीजें सैंपल के तौर पर लिया। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्यौहारी सीजन को देखते हुए सख्ती बढ़ा दी है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न होटल व रेस्टोरेंट्स में जांच कर खाद्य नमूने संकलित किए।खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार नेहरू नगर स्क्वेयर स्थित होटल गैन्ड ढिल्लन रेस्टोरेंट से ग्रीन चटनी एवं ब्रेड, झरोखा पैलेस से ओनियन ग्रेवी और चिकन बिरयानी और रेलवे स्टेशन स्थित सागर इंटरनेशनल से मिक्स वेज व टोमेटो सूप के नमूने लिए गए हैं। इन सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं आगे भी खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2005 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आयुक्त ने उद्यान सहित ई-लाईब्रेरी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई जोन-5 अंतर्गत शहीद उद्यान, ई-लाईब्रेरी सहित पिंक उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा शहीद उद्यान का निरीक्षण किया गया। पूर्व दौरे में उद्यान के घॉस की कटाई-छटाई कराने निर्देशित किया गया था। वर्तमान में कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

आयुक्त ने ई-लाईब्रेरी का अवलोकन करते हुए आवश्यक छोटे कार्य को जल्द पूर्ण कराने निर्देशित किये है। जिससे आगामी समय में लाईब्रेरी का लोकार्पण किया जा सके। सड़क 40 में निर्मित पिंक उद्यान का अवलोकन किये। उद्यान के पेवर ब्लाक को व्यवस्थित करने, नये पौधे लगाने के साथ पौधो की सिंचाई हेतु पानी व्यवस्था सुनिश्चित कराने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, सूर्य सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बकायादारों से राशि वसूली के लिए प्रतिदिन पांच हजार नोटिस तैयार करने के निर्देश

# भिलाई निगम की सख्ती, बकाया कर वसूली के लिए कुर्की तक की कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व वसूली को तेज करने के लिए नगर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाया है। इसको लेकर निगम द्वारा अधिकृत वसूली एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा. लि. के प्रतिनिधि के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सभी जोन आयुक्त और निगम के संबंधित अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी भवनों और भूमियों पर बकाया संपत्तिकर और अन्य करों की वसूली नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत सख्ती से की जाएगी। धारा 173 के अंतर्गत तत्काल बिल जारी करने, भुगतान नहीं होने पर धारा 174 के तहत मांग सूचना जारी करने और इसके बाद भी राशि जमा नहीं होने की स्थिति में धारा 175 के तहत कुर्की यानी शक्ति वारंट की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जारी किए गए नोटिसों की तामिली हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अधिकृत एजेंसी के साथ प्रतिदिन की गई वसूली कार्रवाई की रिपोर्ट अगले दिन की बैठक में प्रस्तुत करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिन संपत्तिकर आईडी में भवन या भूमि स्वामी का मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है, उसे तत्काल अपडेट किया जाए। वहीं, डबल संपत्तिकर आईडी वाले मामलों का मौके पर निरीक्षण कर प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के आदेश दिए गए। हुडको क्षेत्र के भवनों और भूमियों पर बकाया कर वसूली को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकृत एजेंसी को कहा गया है कि तत्काल बिल जारी कर वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाए। जिन मामलों में पहले ही मांग सूचना जारी हो चुकी है, वहां कुर्की की कार्रवाई प्रस्तावित करने और लंबित वारंटों का समय-सीमा में निष्पादन करने के निर्देश भी दिए गए। आयुक्त ने यह भी कहा कि प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त संख्या में वसूली कर्मचारी तैनात किए जाएं ताकि तय लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली हो सके। बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों को उपलब्ध कराने और सूची के अनुसार बिल जारी कर वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्रतिदिन कम से कम 5000 बकायादारों को नोटिस जारी कर उनसे राशि वसूलने की कार्रवाई करने को कहा गया है। निगम आयुक्त ने साफ किया कि राजस्व वसूली में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक राजेन्द्र कुमार दोहरे अपर आयुक्त, अजय राजपुत जोन जोन-1 आयुक्त, कुलदीप गुप्ता जोन-3 आयुक्त, अमर नाथ दुबे जोन-4 व 5, चन्द्रभूषण साहू लेखाधिकारी, धीरज साहू जलकर अधिकारी, दीप्ति साहू प्रोग्रामर, बीएल असाटी सहायक अधीक्षक संपत्तिकर विभाग, प्र. सहायक राजस्व अधिकारी द्वय सुनील जोशी, प्रसन्न कुमार तिवारी, शरद दुबे, बसंत देवांगन सहायक राजस्व अधिकारी, बाल कृष्ण नायडू, प्र. सहायक राजस्व अधिकारी, अनिल मेश्राम सहायक राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

### आमसभा व सम्मान समारोह 22 को

**भिलाई।** मार्गदर्शक वरिष्ठ नागरिक कल्याण मंच भिलाई की वार्षिक आम सभा और सम्मान समारोह 22 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे चेतना मंच मानव आश्रम सेक्टर-1 में आयोजित है। समारोह में संस्था के अध्यक्ष डीपी राय द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

वहीं महासचिव राम लखन मिश्रा के द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यक्रमों की जानकारी, नंदेश्वर कोषाध्यक्ष द्वारा जमा खर्च का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। 75 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था के अति वरिष्ठ 16 सदस्यों का शाल, श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया जाएगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

04



सर्दी में तफरीह के लिए खुद को नए ढंग से करें स्टाइल, लोगों की नजरें टिकी रहेंगी आप पर

## लाइव इवेंट

### वेस्टर्न इंडिया पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप इंदौर में, दुर्ग के प्रिंस होंगे निर्णायक



**भिलाई।** राष्ट्रीय वेस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन इंदौर में 19 से 21 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रिंस पीयुष टंडन का चयन निर्णायक के रुप में किया गया है। यह प्रतियोगिता पावरलिफ्टिंग इंडिया एवं मध्यप्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

■ प्रिंस पीयूष का चयन राष्ट्रीय निर्णायक के लिए

दुर्ग जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रिंस पीयुष टंडन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधिनस्थ उप स्वास्थ्य केन्द्र फरीद नगर कोहका में कार्यरत का चयन निर्णायक के रूप में छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है। पिछले महिने बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 66 किग्रा वजन वर्ग समूह सीनियर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके पहले भी प्रिंस टंडन ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मुंबई 2015, जम्मू 2016, उदयपुर 2016, रांची 2018 एवं अन्य राज्यों एवं जिलों में खिलाडी के रूप में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किया है एवं वर्तमान में राज्य स्तर पर निर्णायक के रूप में अपनी सहभागिता एवं सेवा दे रहे हैं। इनके राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी भिलाई पीयाम सिंह, डॉ देवेंद्र किशोर बेलचंदन दुर्ग, महासचिव छग पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन कृष्णा साहू, अंतरराष्ट्रीय पावर लिफटर नशकर टंडन, भारतीय टीम प्रशिक्षक ओपी भारती, विजय सेजुले, आर के मांडले, एएनएम शशि बागड़े, एसी पुष्पा मिश्रा, एमटी नमिता वर्मा, सुहाना खान, पुष्पा मेश्राम, भुनेश्वरी वर्मा, ऊषा मानिकपुरी, वकील तांडी, सुंदर जय तांडी, विभीषण दीप, नीरज बोए, गजेंद्र कुमार, रूस्तम बाग, रंजीत तांडी, अभिषेक टंडन, खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।

## सिटी इवेंट

### आम नागरिकों को मिलेगा निःशुल्क सहयोग, समिति का अभिनव प्रयास



**भिलाई।** छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में जन जागरण समिति द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में छात्रों एवं प्राध्यापकों को सम्बोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने बताया कि संस्था द्वारा समाज में जागरूकता लाने के लिए यह पहल आम जन के लिए निशुल्क की जा रही है। जिसके अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु एवं स्थायी विकलांगता में परिवार को बिना प्रीमियम के बीमा राशि मिलने सम्बन्धी कार्यों में आवश्यक सलाह और सहयोग प्रदान करना, दुर्घटना रोकने जागरूकता अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छ भारत अभियान में जन जागरण के लिए सुझाव, पर्यावरण और जल संरक्षण, प्रधानमंत्री जन सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी जायेगी। साथ ही सड़कों में आवारा पशुओं के व्यवस्थापन, समाज के अक्षम व्यक्तियों के उत्थान एवं प्रतिभावान व्यक्तियों के प्रोत्साहन, केंद्र एवं राज्य सरकारों के जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग एवं सुझाव, भिक्षावृति उन्मूलन एवं बाल नशामुक्ति के क्षेत्र में सुझाव, समाज में रूढ़िवादी परम्पराओं एवं कुरीतियों के निर्मूलन अभियान में आवश्यक सहयोग एवं सुझाव आदि कार्य में आम नागरिकों को निःशुल्क रूप से संस्था द्वारा सहयोग किया जा रहा है। अन्य वक्ताओं में कमल नारायण शर्मा, प्रदीप पांडेय, सतीश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

■ छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में हुआ आयोजन

संगोष्ठी की शुरुआत में कॉलेज के प्राचार्य रवि मिश्रा ने जन जागरण अभियान के अंतर्गत किये जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बहुत कम लोग हैं जो निःशुल्क रूप से समाज कि सेवा में लगे हुए है। अंत में कॉलेज के रजिस्ट्रार राजेश वर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया।



### आज भोजपुरी गौरव सम्मान समारोह

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद के द्वारा 20 दिसबर की संध्या 4 बजे से होटल अमित पार्क, सुपेला में भोजपुरी गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह होगे।अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं मुख्य संरक्षक संजय ओझा करेंगे।अतिविशिष्ट अतिथि राकेश पांडे अध्यक्ष, खादी एवं ग्रामोद्योग ,संतोष शर्मा उद्योगपति एवं संरक्षक केके झा उद्योगपति एवं संरक्षक मदन मोहन त्रिपाठी शिक्षाविद् एवं संरक्षक जे. पी. गुप्ता, संरक्षक मनीष पांडे, युवा नेता धर्मेन्द्र यादव, संतोष राय, अजीत सिंह, सुभाष साव, प्रमोद सिंह होंगे।

## ● सूर्य अस्त के चलते 15 जनवरी के बाद फरवरी में फिर से गूंजेगी शहनाई

# शुभ कार्यों पर फिर से लगा विराम, खरमास में मंत्र जप, दान, नदी स्नान व तीर्थ दर्शन करने से पुण्य लाभ, मकर संक्राति से शुभ कार्य प्रारंभ

**भिलाई। ज्योतिष गणना के अनुसार खरमास के चलते एक बार फिर से पूरे एक महिने के लिए शादी, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार जैसे शुभ कार्यो पर विराम लगा हुआ है। जो अब अगले महिने की मकर संक्राति के बाद फिर से शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी और शुभ कार्यो की झड़ी फिर से लग जाएगी। हालांकि, इस बार जनवरी 2026 में विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। शुक्र ग्रह अस्त रहने के कारण जनवरी में विवाह नहीं होंगे। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करने के साथ ही 16 दिसंबर से खरमास की शुरुआत हो गई है। जो 14 जनवरी 2026 तक रहेगा। इसके बाद जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करेंगे तो 14 जनवरी को खरमास की समाप्ति होगी। 15 जनवरी से पुनः मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। 23 जनवरी को बसंत पंचमी है। इसे लेकर आचार्य संदीप तिवारी ने विभिन्न पंचांगों के हवाले से बताया कि मकर संक्राति देश सभी हिस्सों में अपनी-अपनी परंपरा अनुसार मनाया जाता है।उत्तर भारत में इसे खिचड़ी पर्व के रुप में मनाते है और इसे माघी भी कहा जाता है। इसी दिन से खरमास समाप्त हो जाता है और माघ का महीना प्रारंभ हो जाता है। अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में आमतौर पर चातुर्मास के कारण विवाह मुहूर्त नहीं होते हैं। वर्ष 2026 में विवाह के शुभ मुहूर्त**



### शुभ विवाह के मुहूर्त

फरवरीः 4, 5, 6, 8, 10, 11 12, 13, 14, 15, 19, 20, 21, 24,25, 26

मार्चः 02, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13 व 14

अप्रैलः 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29 व 30

मईः 01, 3, 4, 5, 6,7, 8, 12, 13, 14

जूनः 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29 व 30

जुलाईः 01, 2, 6, 7, 8 व 11

नवंबरः 20, 21, 24,25, 26, 27 व 30

दिसंबरः 01, 2, 3, 4, 6, 9 व 10 तारीख

### सूर्य के धनु में प्रवेश करने पर शुरू होता है खरमास

जहां सूर्य अपनी वार्षिक यात्रा के दौरान धनु राशि (जो वृहस्पति की राशि है) में गोचर करता हैं उसे ज्योतिष में 'धनु संक्रांति' कहते हैं। यह हर साल लगभग 15-16 दिसंबर को होता है। धनु राशि का स्वामी गुरु वृहस्पति)है जो सूर्य का मित्र है। इसलिए, जब सूर्य धनु राशि में होता है तो यह ज्ञान, आध्यात्मिकता, उच्च शिक्षा और विस्तार की भावनाओं को बढ़ावा देता है। सूर्य के धनु राशि में आने से खरमास (मलमास) शुरू होता है।



### जानिए खरमास में शुभ कार्य करने की क्यों है मनाही

आचार्य ने बताया की खरमास सूर्य और वृहस्पति से संबंध रखता है। वृहस्पति की राशि और इसी धनु राशि में सूर्य प्रवेश करते हैं। सूर्य की किरणें कमजोर हो जाती हैं और वृहस्पति का बल भी कम हो जाता है, इसीलिए खरमास में शुभ कार्य करने की मनाही है। इन दिनों में सूर्य उपासना करनी चाहिए। खरमास हिन्दू पंचांग का एक महत्वपूर्ण महीना होता है, जो शुभ कार्यों के लिए सही नहीं माना जाता है। यह आमतौर पर सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के बाद शुरू होता है, यह लगभग एक महीने तक चलता है।

### साल में दो बार शुभ कार्य पर लगती है रोक

खरमास साल में दो बार आता है। एक बार 15 दिसंबर से 14 या 15 जनवरी तक रहता है, जब सूर्य धनु राशि में प्रवेश करता है और दूसरी बार 15 मार्च से 15 अप्रैल तक रहता है, जब सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करता है। ऐसे में साल में दो महीने ऐसे आते हैं, जब शुभ कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगी रहती है।

### इस मास में यह करना शुभ

आचार्य पंडित संदीप तिवारी ने बताया की खरमास के इस महीने में खास परंपराएं निभाई जाती हैं, इस समय में लोग मंत्र जप, दान, नदी स्नान और तीर्थ दर्शन करते हैं ऐसा माना जाता है कि खरमास के महीने में धर्म कर्म करने से बहुत लाभ मिलता है। इस दौरान पवित्र नदियों में स्नान और मंदिरों में दर्शन करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।





# टे-टे महिला टीम पहली बार क्वालीफाई कर आल इंडिया प्रतियोगिता में बनाया स्थान

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की टेनीस महिला टीम पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर में 15 से 19 दिसंबर तक आयोजित ईस्ट जोन प्रतियोगिता में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाई कर आल इंडिया प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाई। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय की टेबल टेनीस महिला टीम पहले मैच में डिब्रुगढ़ विश्वविद्यालय से वॉकओवर मिला दुसरे मैच में टेक्नीकल विश्वविद्यालय भिलाई को 3-0 पराजित की, तीसरे मैच में अरूणांचल प्रदेश विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित की एवं चतुर्थ मैच में जाधवपुर विश्वविद्यालय वेस्ट बंगाल से वॉक ओवर मिला। खेल संचालक ने बताया कि






विश्वविद्यालय की टेबल टेनीस महिला टीम पहली बार ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेगी। टीम के इस जीत में खिलाड़ी प्रज्ञा पाठक, अभिज्ञा कनौजे, दीप्ती मंडावी एवं अनुग्रह चैधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस जीत के लिए खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप साथ ही महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ. नरेश दिवान, डॉ. रमेश त्रिपाठी, डॉ कृमून्ना लाल नंदेश्वर, अरूण चैधरी और लक्ष्मेन्द्र कुलदीप ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। टीम के मैनेजर डॉ. दिनेश नामदेव खेल संचालक हेमचंद यादव विश्वविद्यासलय, दुर्ग व कोच डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग के मार्गदर्शन में खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन कर रहे है। आल इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन ओसमानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद में 26 से 30 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की टेबल टेनिस महिला टीम भाग लेगी।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का पारिवारिक परिचय सम्मेलन कल, अनेक आयोजन भी

### चेतना पत्रिका के 30वें अंक का विमोचन भी

**भिलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम भिलाई ब्राह्मण समाज का पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार को सुबह साढ़े 10 बजे से सेक्टर के सामाजिक भवन में किया जाएगा।

पारिवारिक परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित मैनेजिंग डायरेक्टर एफ एस एन एल भिलाई और विशिष्ट अतिथि विशाल शुक्ल चीफ जनरल मैनेजर सेल रिफेक्ट्री यूनिट भिलाई उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में भिलाई - दुर्ग के साथ ही साथ पूरे छत्तीसगढ़ के अलावा कई अन्य प्रांतों से भी कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों का आगमन होगा। इस सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों को अपना परिचय समाज के समक्ष रखने के लिए मंच प्रदान किया जायेगा। 75 वर्ष पूर्ण कर चुके समाज के आधार स्तम्भ स्वजनों का कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित



किया जाएगा। समाज द्वारा नवनिर्मित डिजिटल तकनीकी के माध्यम से भी संपूर्ण विश्व में निवासरत कान्यकुब्ज ब्राह्मणों को एप के माध्यम से जोड़ा गया है। इसके साथ समाज द्वारा देश-विदेश में निवासरत कान्यकुब्ज ब्राह्मणों के विवाह योग्य युवकों-युवतियों के प्राप्त विवरणों को संकलित कर चेतना पत्रिका 30वां अंक का विमोचन भी होगा।

## राष्ट्रीय सेमिनार में पेशे के अनुभवों की बाते होगी

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग के भूतपूर्व छात्र 40 साल बाद फिर एक-दूसरे से मिलेंगे। छात्र लाईफ के दिनों की यादें ताजा करने के साथ-साथ वश्विवद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अपने महती विचार साझा करेंगे। यह अवसर 20 और 21 दिसंबर को रोमन पार्क पुलगांव में वश्विवद्यालय द्वारा आयोजित भूतपूर्व छात्रों के एलुमनाई मीट-2025 का होगा। विश्वविद्यालय स्तर पर एलुमनाई मीट का यह पहला आयोजन है। इस दौरान रिकनेक्ट एण्ड रिफिलेक्ट तथा स्ट्रेदनिंग द प्रोफेशनल अलाईन्स अमंग एलुमनाई विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। अधष्ठिाता छात्र कल्याण डॉ मंजू राय ने बताया कि विश्वविद्यालय लिए यह गौरव का विषय है कि इस संस्थान से निकले छात्र आज देश-दुनिया में अपनी विशष्टि पहचान बना चुके हैं। कार्यक्रम में न केवल देश के कोने-कोने से बल्कि कनाडा, कैलिफोर्निया, दुबई और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अपनी सेवाएं दे रहे भूतपूर्व छात्र भी शामिल होंगे। संस्थान के ये रत्न आज भारतीय सेना में ब्रिगेडियर व कर्नल जैसे उच्च पदों से लेकर शासन में वरिष्ठ पशुचिकित्सक , सफल व्यवसायी और कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अधिष्ठता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय ने बताया कि भूतपूर्व छात्र किसी भी संस्थान की सबसे अनमोल पूंजी होते हैं। यह मिलन समारोह न केवल पुरानी यादों को ताजा करने का मंच है, बल्कि यह वर्तमान छात्रों और अनुभवी भूतपूर्व छात्रों के बीच एक सेतु का कार्य करेगा।

# कामधेनू विवि के एलुमनाई मीट में आस्ट्रेलिया कनाडा और कैलिफोर्निया से पहुंचेंगे छात्र



### 12 राज्यों से और करीब 300 भूतपूर्व छात्र शामिल होंगे

जिसमें वेटरनरी, डेयरी एवं फिशरी संकाय के करीब पांच सौ भूतपूर्व छात्र जुटेंगे। इन भूतपूर्व छात्रों में 8 छात्र विदेश से शामिल होंगे। 70 भूतपूर्व छात्र देश के 12 राज्यों से और करीब 300 से अधिक भूतपूर्व छात्र छत्तीसगढ़ राज्य से एलुमनाई मीट का हस्सिा बनेंगे। ये भूतपूर्व छात्र न केवल वेटरनरी बल्कि डिफेंस, मेडिकल, साइंटस्टि,प्रोफेसर व प्रशासनिक क्षेत्रों में भी सेवा देकर देश व विदेश में अपनी विशष्टि पहचान बनाए हुए है। भूतपूर्व छात्रों की यह उपलब्धि एलुमनाई मीट में वर्तमान छात्रों को कैरियर की दिशा में आगे बढ़ने में मार्गदर्शन करेगी। एलुमनाई मीट की शुरुआत 20 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे होगी।

### अनुसंधान कार्यों और भवष्यि की रणनीतियों पर चर्चा

यह एलुमनाई मीट कामधेनू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है। जिसकी भव्य तैयारी जारी है। यह बातें अधष्ठिाता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय ने गुरुवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान प्रोफेसर डॉ. एचके रात्रे एवं अन्य प्रोफेसर भी मौजूद रहे। चर्चा में अधिष्ठता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय ने बताया कि एलुमनाई मीट का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से भूतपूर्व छात्रों के पेशेवर अनुभवों, नवाचारों और ज्ञान का साझा करना, बैचमेट्स, सीनियर्स, जूनियर्स और शक्षिकों को एक मंच पर लाकर स्थायी रश्तिा बनाना और स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर के भूतपूर्व छात्रों द्वारा संस्थान के अनुसंधान कार्यों और भवष्यि की रणनीतियों पर चर्चा करना है।

### भूतपूर्व छात्रों का सम्मान भी

इससे हमारे वर्तमान छात्रों को भविष्य की राह चुनने में सशक्त मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होने बताया कि विश्वविद्यालय के फर्स्ट और सेकंड बैच के भूतपूर्व छात्र विश्वविद्यालय के नींव है। एलुमनाई मीट में इन दोनों बैच के भूतपूर्व छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। अधिष्ठता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय ने बताया कि एलुमनाई मीट में भूतपूर्व छात्र भरपूर मनोरंजन भी करेंगे। इस लिहाज से पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। दूसरे दिन फ्रेंडली क्रिकेट मैच भी खेले जाएंगे।

### ये जनप्रतिनिधि आयोजन में पहुंचेंगे

इस अवसर पर कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव,वेटरनरी कॉउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली प्रसीडेंट डॉ. उमेशचंद्र शर्मा, आईबी ग्रुप एमडी बहादुर अली, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा,वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, डीयूवीएएसयू मथुरा के कुलपति डॉ. अभिजीत मित्रा, आईजीकेवी रायपुर कुलपति डॉ. गिरीश सिंह चंदेल, दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, स्टेट वेटरनरी सर्विस एडीशनल डायरेक्टर डॉ. केके ध्रुव, हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड ब्रिग. अमित रस्तोगी अतिथि के रुप में मौजूद रहेंगे।

## सिटी इवेंट

# पल्स पोलियो अभियान 21 से, दिया गया प्रशिक्षण



**भिलाई।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 21 दिसंबर को सभी पोलियो बूथ सेंटर पर दो बूंद पोलियो दवा 5 साल तक के बच्चों को पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ दिव्या श्रीवास्तव और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुवनेश्वर कठौतिया ने सभी दलों को शत प्रतिशत पहले दिन ही बूथ पर पोलियो की दवा पिलाने प्रयास करने निर्देश दिए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि इस संबंध में सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 और चरोदा अंतर्गत 55 दल बनाए गए हैं कुल 220 सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है, वहीं 8 सुपरविजन के लिए पर्यवेक्षक एक जोन आफिसर, एक कोल्ड चैन मैनेजर एक रिपोर्ट मैनेजर और दो मोबाइल टीम दो ट्रांजिट टीम सहित रेल्वे स्टेशन भिलाई 3 और बस स्टैंड पर पोलियों दल उपस्थित रहेंगे। वहीं 11545 बच्चों को दवा पिलाने लक्ष्य दिया गया है। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के लिए दलों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया है। वहीं अधिकारियों ने सभी अभिभावकों व शिशुओं के माता-पिता व देखभाल करने वाले पालको से भागीदारी की अपील की है।



## समाज इवेंट

# जोरों पर चल रही पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा की तैयारी



**भिलाई।** बागेश्वर धाम के आचार्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा जयंती स्टेडियम के बाजू मैदान में 24 से 29 दिसंबर तक आयोजित है। कथा के आयोजनकर्ता सेवा समर्पण समिति के संयोजक राकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारी जोरों पर चला रहा है। उन्होंने बताया कि कथा स्थल पर सेवा कार्य करने के लिए वालंटियर नियुक्त की जा रही है। भिलाई-दुर्ग के अलावा रायपुर, राजनांदगांव के लोग भी वालंटियर के रूप में सेवा देने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। साथ ही डोमशेड निर्माण के लिए कर्मचारी रात दिन कार्य कर रहे हैं। कथा स्थल की साफ सफाई और व्यवस्था को लेकर भी सेवा समर्पण समिति के सदस्य सेवाएं दे रहे हैं। आयोजनकर्ता राकेश पाण्डेय ने सभी हनुमान भक्तों से कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया है।

- वालंटियर के रूप में सेवा देना दूर-दूर से पहुंच रहे लोग

## सिटी इवेंट

# रचनात्मक कार्यों में योगदान करने सीताराम और दिलीप सम्मानित



**भिलाई।** नगर निगम की ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर और सचिव दिलीप ठाकुर को लगातार 30 वर्षों से सेवा एवं रचनात्मक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान और अहम भूमिका निभाने पर छत्तीगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सराहना करते हुए सेवा सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इसके पहले भी सीताराम और दिलीप अपने उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित हो चुके है। ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति सदस्य, सत्य साई सेवा समिति, सत्यम शिवम सुंदरम समिति ने दोनो को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शंकरा विद्यालय में वार्षिकोत्सव आज

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में 37 वां वार्षिकोत्सव 20 दिसंबर को शाम 5.30 बजे से आयोजित है। मुख्य अतिथि आईपीएस राजेश कुकरेजा कमांडेंट प्रथम बटालियन छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स होंगे। कार्यक्रम में जूनियर विंग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## वैष्णों देवी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

**भिलाई।** माता वैष्णों देवी पब्लिक स्कूल न्यू खुर्सीपार भिलाई में वार्षिकोत्सव का आयोजन 20 दिसंबर को किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। अन्य अतिथियों के रूप में प्रीति गुप्ता प्राचार्या पं. नेहरू स्कूल न्यू खुर्सीपार और भूपेन्द्र यादव, संदीप अग्रवाल, दिलिप अग्रवाल मौजूद रहेंगे।

## ● भिलाई महिला महाविद्यालय में 47वां वार्षिकोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाएं सम्मानित

# मित्र कैफे नृत्य नाटिका संग महिला शिक्षा का दिया संदेश लर्न और अर्न पर किया प्रोत्साहित, बिखेरी सतरंगी छटा

**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में 47वें वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सतरंगी छटा बिखेरी और वही विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभावान को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य, गायन और क्षेत्रीय कलाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही कार्यक्रम का विशेष आकर्षण महिला मित्र कैफे नृत्य नाटिका रही। इस दौरान लर्न और अर्न पर दिया जोर देते हुए भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को प्रदर्शित करने वाले समूह नृत्य में एकता, सशक्तिकरण, रचनात्मकता और महिला शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का एक मजबूत संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से प्रोफेसर संजय तिवारी, सुरेंद्र गुप्ता सचिव भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट, के के पटेल ट्रस्टी भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट, पीटीए अध्यक्ष विशाल चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य और वरिष्ठ उपस्थित रहे। महाविद्यालयीन परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों सहित प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस, उपप्राचार्य डॉ. आशा रानी दास और महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती के पूजन, वंदन और दीप प्रज्वलन के साथ छत्तीसगढ़ राज्य गीत से की गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने अपने स्वागत भाषण में महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए भिलाई महिला महाविद्यालय के इतिहास, विकास, शैक्षणिक प्रगति, कोर्सेस और अनुसंधान केंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही मेधावी और प्रतिभागी छात्राओं की सराहना की।







### लर्न और अर्न पर दिया जोर

सुरेंद्र गुप्ता ने अपने उद्बोधन में रोजगार, क्षमता और जीवन कौशल बढ़ाने के लिए नए सर्टिफिकेट कोर्स के साथ-साथ "लर्न एवं अर्न" कार्यक्रमों की शुरुआत पर जोर दिया। के के पटेल ने छात्राओं को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर संजय तिवारी ने दुर्ग क्षेत्र में उच्च शिक्षा में महिलाओं की उत्कृष्ट भागीदारी दर को उल्लेखित करते हुए भारत की प्रसिद्ध महिलाओं में खासकर पद्मश्री सुधा मूर्ति की उपलब्धियों के उदाहरण देकर छात्राओं को प्रेरित किया।



### विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाएं हुई पुरस्कृत

हेमचंद यादव विवि के सात गोल्ड मेडलिस्ट कृतिका देवांगन, अनुराधा मानिकपुरी, फिरदौस आलिया, नुसरत जहां, दीक्षा देवांगन, कुंती वर्मा और अनुष्का यादव को सम्मानित किया गया। 25 अन्य विवि मेधावी छात्राओं सहित स्पोर्ट्स चैंपियन अनुग्रह चौधरी, सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक विधि, संस्कृतिक चैंपियन तानिया मिश्रा और युवा उत्सव में अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन स्तर की विजेताओं में निशि जैन और कुमकुम वर्मा को भी पुरस्कृत किया गया।

### छात्राओं संग प्राध्यापक भी सम्मानित

कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं द्वारा खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं के साथ ही 25 वर्षों की सेवा पूरी करने वाले प्राध्यापकों में डॉ. भारती वर्मा, डॉ. राजश्री चंद्राकर, डॉ भावना पांडे, डॉ. सरिता नितिन जोशी एवं डॉ. अल्पना शर्मा और गैर शैक्षणिक कर्मचारी महेश गायकवाड़, मन्नू लाल वर्मा एवं जोगिंदर को भी सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य स्व. भूमित्र गुप्ता के जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके पुत्र सुरेंद्र गुप्ता ने मेधावी छात्राओं को पुष्पा भूमित्र पुरस्कार प्रदान किया।

### क्षेत्रीय कलाओं का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय और अर्ध-शास्त्रीय नृत्य, गायन और क्षेत्रीय कलाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्राओं ने किया। विशेष आकर्षण महिला मित्र कैफे नृत्य नाटिका रही। जिसे कॉलेज की छात्रा तनिया मिश्रा द्वारा निर्देशन किया गया था। समारोह का समापन भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों के समाहार को प्रदर्शित करने वाले समूह नृत्य के साथ हुआ। जिसने एकता, सशक्तिकरण, रचनात्मकता और महिला शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का एक मजबूत संदेश दिया। मंच संचालन डॉ. अर्चना शरण, नैना भगत और तान्या मिश्रा ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## धामेश्वरी देवी का आध्यात्मिक प्रवचन

# वह ज्ञान अज्ञान है जिसमें ईश्वर प्रेम न हो, रुपध्यान और वैदिक मेडिटेशन कल

**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा राधा कृष्ण मंदिर ब्रज मंडल सेक्टर 6, कालीबाड़ी के पास भिलाई में चल रही 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के 9वें दिन बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के तीन स्वरुप है। एक निराकार निगुण ब्रह्म, दूसरे सगुण साकार परमात्मा, तीसरे सगुण साकार भगवान। ज्ञानी ब्रह्म के उपासक होते हैं, योगी परमात्मा के उपासक होते हैं और भक्त भगवान के उपासक होते हैं।



वेदों में ज्ञान के दो प्रकार बताए गए है। एक शाब्दिक ज्ञान और दूसरा अनुभवात्मक ज्ञान। किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान से, लेकिन साधना द्वारा उसका अनुभव न हुआ हो तो वह कोरी कल्पना ही समझिये। यह ज्ञान दो क्षेत्रों से संबंधित होता है एक माया का क्षेत्र और एक मायातीत ईश्वर का क्षेत्र। जो ज्ञानी होते हैं उन्हें किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान होता है, इस आधार पर वे प्रवचन में बड़ी-बड़ी बातें बताते हैं, लेकिन अनुभवात्मक साधना के अभाव में उनके इस ज्ञान का कोई विशेष प्रभाव नहीं होता। वेदों में यह भी कहा गया है कि ज्ञानी व्यक्ति का पतन हो जाता है। वह ज्ञान अज्ञान है जिसमें ईश्वर प्रेम ना हो अर्थात कर्म स्वर्ग देकर समाप्त हो जाता है और ज्ञान से मोक्ष मिलता है। ज्ञान मार्ग पर चलना कलयुग में बहुत मुश्किल है क्योंकि उसमें अधिकारी होना चाहिए। सगुण साकार भगवान के शरणागत होने पर ही मायानिवृति हो सकती है। जो भक्त है भक्ती मार्ग में वो भगवान तथा गुरु के शरणागत रहता है, आश्रित रहता है इसलिए भगवान उसकी रक्षा करते है। जगद्गुत्तम कृपालु महाराज द्वारा रुपध्यानयुक्त साधना करने का विज्ञान प्रकट किया गया है। रुपध्यान ध्यान की ऐसी विधि है जिसमें हम अपने चंचल मन को श्रीराधा कृष्ण के सुंदर रुप में लगाते हैं, इसी का अभ्यास करते हैं। इस प्रकार के ध्यान को रूपध्यान मेडिटेशन कहा जाता है। ईश्वर की कृपा से उसका ज्ञान व आनंद प्राप्त होने लगता है जिससे मन गलत जगहों में नहीं लगता एवं अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहता है। धामेश्वरी देवी के सानिध्य में प्रवचन श्रृंखला के अंतिम दिन रविवार की सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक प्रवचन स्थल पर भिलाई में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर किया जायेगा।

## ब्रम्हकुमारी विवि बघेरा में आयोजन

# वाह ज़िंदगी वाह शिविर 21 से जीने के तरीके बताएंगे लोगों को



**दुर्ग ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफ़ेसर ई.वी. गिरीश ( मुम्बई) का प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग में आगमन हुआ। इस अवसर पर बह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने स्वागत किया। वाह ज़िंदगी वाह के विषय में प्रोफेसर गिरिश भाई ने जानकारी दी कि इस वर्ष के 21 से 25 दिसंबर तक सुबह-शाम प्रतिदिन दो सत्रों के शिविर में सभी को संकल्प,संबंध और कर्म में मधुरता लाने की कला सिखाने वाह जिंदगी वाह शिविर द्वारा जीवन को वाह वाह कैसे बनाये ताकि आने नया वर्ष 2026 खुशियों और उमंग से भरा, तनाव मुक्त हो यह बतायी जायेगी । सुबह 8 से 9 बजे एवं शाम 7 से 8 बजे दो सत्रों में आयोजित शिविर में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है किन्तु रजिस्ट्रेशन आवश्यक है। सुबह-शाम दोनों में से किसी भी एक सत्र में इस शिविर में इसका लाभ लिया जा सकता है ।

नगर में कार्ड वितरित किया जा रहा है व मुख्य स्थलों पर होर्डिंग्स लगायी गयी है। कार्ड व होर्डिंग्स मे क्यूआर कोड दिया हुआ है जिसके द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है ।

प्रो. गिरीश को राजयोग ध्यान विधियों का 30 वर्षों का अभ्यास, ईश्वर प्रदत बुद्धिमत्ता तथा आध्यात्मिकता से प्राप्त अंतर्दृष्टि, तीनों के अनूठे समन्वय से अनेक आत्माओं को व्यक्तिगत एवं जीवन में सामंजस्य बनाकर बेहतर जीवन शैली अपनाने की कला सिखाने महारत हासिल है।

उन्होंने देश के नामीग्रामी संस्थाओं जैसे इसरो, नाबार्ड, भारतीय सेना-आसाम राइफल्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा इंस्टीट्यूट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विभिन्न यूनिवर्सिटीज़, आई.आई.एम.जैसे अनेक संस्थाओं में अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान दिये हैं ।

## बेलौदी में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का किया रसपान

# बालवत स्वभाव से प्रसन्न होते हैं भगवान, तुलसी वर्षा कर श्रीमद् भागवत सप्ताह का हुआ विश्राम

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ग्राम बेलौदी में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का तुलसी वर्षा के बाद कथा का विश्राम किया गया। समीपस्थ ग्राम बेलौदी में स्व. उदय राम पारकर की स्मृति में आयोजित भागवत कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक बाल योगी विष्णु अरोरा महाराज जेवरा रतलाम मध्यप्रदेश द्वारा प्रवचन दिया जा रहा था।





### श्रीमद् भागवत कथा का बताया महत्व

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में पहले दिन उन्होंने श्रीमद् भागवत के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला एवं वेदव्यास द्वारा श्रीमद् भागवत लेखन के महत्व को समझाया। दूसरे दिन उन्होंने नारद चरित्र के माध्यम से महाभारत में धर्म युद्ध को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा जीवन में धर्म और कर्म का सामंजस्य स्थापित करने के बारे में बताया। इस दौरान विष्णु अरोरा महाराज ने कहा कि हमारी अवस्था कुछ भी हो लेकिन स्वभाव बालवत यानी अहंकार रहित हो तो भगवान जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। इसी तरह तीसरे दिन उन्होंने भगवान कृष्ण की माखन चोरी की लीला का व्याख्या दिया। कंस वध की कथा में तात्विक विवेचन करते हुए उन्होंने कंस का आध्यात्मिक स्वरूप बताया। जिसमें क्रूरता, निर्दयता, बुराई भरी होती है। भगवान श्री कृष्ण मथुरा गए मथुरा में धोबी दरजी आदि का उद्धार करते हुए पांच पहलवानों से होकर गुजरे फिर कंस के सामने पहुंच गए कंस वध के पश्चात भगवान कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया। पिता भीष्मक माता सुद्धमती ने अपनी पुत्री रुक्मणी जो कि लक्ष्मी का अवतार है। श्री कृष्णा यानी नारायण को समर्पित करना चाहते हैं।

### नारायण को पाने का ले संकल्प

भिस्मक यानी संकल्प कर्म तथा रानी शुद्धमती यानी अच्छे विचार। शीशपाल का अर्थ बताते हुए कहा कि समाज में लोग धन कमाते हैं पर बच्चों के पालन का उद्देश्य रखते हैं यह शीशपाल की भावना पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है। उन्होंने कहा कि रुक्मणी ने भगवान कृष्ण को सात श्लोक में पत्र लिखे यह पत्र प्रेम-पत्र न होकर साधना का पत्र है जिसे भगवान ने बिना शर्त के तुरंत स्वीकार कर लिया और रुक्मणी को गौरी पूजा कर वापस आ रही रूकमणी स्वीकार कर लिया। कथा कहती है कि केवल नारायण को पाने का संकल्प के साथ पूजा साधना मंदिर जाना व्रत आदि भी हो जैसे रुक्मिणी मंदिर गई और कृष्णा को पा गई अब श्री कृष्ण भगवान ने द्वारका में विधि-विवाह संपन्न किया। आयोजक दुर्गा प्रसाद पारकर, मुकुंद प्रसाद पारकर के परिवार ने बताया कि भागवत कथा के दौरान अंचल के गणमान्य विशिष्ट जनों का आगमन हुआ।जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक दयाराम साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, विधायक कुंवर सिंह निषाद, रिवेन्द्र यादव, प्रीतपाल बेलचंदन, जीवन लाल वर्मा, हेमंत सिन्हा, संतोषी कृष्ण देशमुख साथ ही क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कायाकिंग एंड कैनोइंग के खिलाड़ी मिले खेल मंत्री से



**रायपुर।** टिहरी झील उत्तराखंड में पिछले माह तीन दिन तक सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन इंडियन कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन (आईकेसीए) के द्वारा 28 नवम्बर से किया गया था। कायाकिंग एंड कैनोइंग की इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कयाकिंग के खिलाड़ियों ने 1 सिल्वर 3 कांस्य पदक प्राप्त किए। इस उपलब्धि के बाद सभी खिलाड़ियों, कोच व अफिशियल्स ने खेलमंत्री व उपमुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात की। प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ की अगुवाई में पिंकी साहू कोच (एनआईएस), परवेश सोनवाने सहायक कोच (एनआईएस) सहित प्रतियोगिता में शामिल विजेता खिलाड़ी साथ थे इस दौरान खेल मंत्री को जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ के चार पदक विजेताओं में सी4 पुरुष कांस्य पदक तोरण साहू, भावेश साहू, सागर, पुनीत, के2 पुरुष रजत पदक जगन्नाथ प्रधान, सौरभ साहू, के2 मिश्रित कांस्य पदक शालू प्रधान, सौरभ साहू और सी 2 महिला कांस्य पदक नीतू सोनावने और मन्मति बघेल शामिल हैं।

इस दौरान चर्चा करते हुए प्रशांत सिंह रघुवंशी ने बताया कि अभ्यास स्थल पर बोट्स और पैडल को सुरक्षित रखना जरूरी है क्योंकि असामाजिक तत्व बोट्स को नुकसान पहुंचा रहे है जिसकी शिकायत संघ और खिलाड़ियों ने थाने में भी लिखित में की है। इस पर अरूण साव ने सुरक्षा के लिए तमाम व्यवस्था करने की स्वीकृति तुरंत दी जिसके लिए सभी ने उनको बहुत बहुत धन्यवाद दिया । इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष , छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अभिजीत मिश्रा सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने अपनी शुभकामनाएँ दी है।

### नाजिया, ऋषिका और दीपिका की बदौलत छत्तीसगढ़ की जीत



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से वुमेंस अंडर-19 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025 का आयोजन 13 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच 19 दिसंबर को हैदराबाद में विदर्भ अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। विदर्भ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 37 ओवरों में 10 विकेट खोकर 163 रन बनाये। विदर्भ की ओर से आर्य पोंगडे ने सर्वाधिक 72 रन बनाये। उनके अतिरिक्त रिद्धीमा ने 31 रन तथा अक्षरा ने 14 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 टीम की ओर से ऋषिका श्रीवास्तव ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 10 ओवरों में 40 रन देकर 6 विकेट प्राप्त किये। साथ ही दीपिका भगत ने 4 विकेट झटके। 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर 19 की टीम ने 30.5 ओवरों में 3 विकेट खोकर 167 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शेख नाजिया ने 54 नाबाद रन बनाये, यति शर्मा ने 31 रन, आकांक्षा रानी ने 29 रन तथा महक रनवसे ने 24 नाबाद रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से धनश्री ने 2 विकेट प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।

### अंडर-19 प्लेट ग्रुप में सेमीफाइनल का दौर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। दल्ली राजहरा में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध दंतेवाड़ा में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी में तीन विकेट पर 364 रन बना कर पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू के तेजस्वी कलभोर ने नॉट आउट 234 रन, अथर्व तिवारी ने 71 रन, आदर्श पांडे ने 29 रन और अमितेश मिश्रा ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में दंतेवाड़ा के राहुल गौडी ने 2 विकेटऔर अंशप्रीत सिंह ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा ने पहली पारीमें एक विकेट पर 38 रन बनाए। जिसमें अंश प्रीत सिंह ने नॉट आउट 16 रन और सक्षम रे ने नॉट आउट 15 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के अगमजोत सिंह ने एक विकेट लिए। दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में टीम दुर्ग विरुद्ध कोरबा में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग ने पहली पारी में 9 विकेट पर 406 रन बनाए। जिसमें क्षितिज तिवारी ने 139 रन आदित्य वर्मा, 120 रन आनंद त्रिपाठी ने 62 और रन रुद्र शुक्ला ने 61 रन बनाए। गेंदबाजी में कोरबा के अनुज कुमार शर्मा ने तीन विकेट और अमर्त्य पटेल ने दो विकेट लिए।

## लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी से बिगड़ती है सेहत, रखें ध्यान

# आपकी दिमागी सेहत को बुरी तरह प्रभावित करती हैं कुछ आदतें, सुधार कर बेहतर बना सकते हैं दिन



मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। हालांकि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण वयस्कों-बुजुर्गों में मेंटल हेल्थ की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सामाजिक कलंक के डर के कारण लोग अपनी परेशानियों को लेकर डॉक्टर से मिलने नहीं जाते जिससे समय पर बीमारी का निदान और उपचार नहीं हो पाता है।

मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखना हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने और बेहतर महसूस करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि कुछ आदतें ऐसी होती हैं जो हमारी मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। सभी लोगों को इस बारे में जानना और बचाव के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है।

### मेंटल हेल्थ की समस्या

हम क्या खाते हैं, दिनचर्या कैसे है, कब सोते-जागते हैं, इन सभी का असर मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। अनियमित और अपर्याप्त नींद से लेकर नकारात्मक सोच, आहार में गड़बड़ी ये सभी आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें पैदा कर सकती है। इन आदतों को पहचानना और इन्हें बदलने की कोशिश करना मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सही दिनचर्या और सकारात्मक आदतों को अपनाकर आप अपनी मानसिक स्थिति को ठीक रख सकते हैं।

### सोशल मीडिया और रील्स खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ




द ईयर' घोषित किया है। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है। यानी सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना या रील्स स्क्रॉल करते रहना आपकी मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है।

### सोच को रखें सकारात्मक

नकारात्मक सोच और आत्म-आलोचना का आपकी मेंटल हेल्थ पर कई प्रकार से नकारात्मक असर होता है। बार-बार नकारात्मक विचार करना या खुद को दोषी ठहराना आत्मसम्मान को कम करता है। यह आदत चिंता और अवसाद को बढ़ावा देती है। मैं अच्छा नहीं हूं या मैं यह नहीं कर सकता जैसे विचारों से मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ता है। इसलिए जरूरी है कि अपनी सोच को सकारात्मक रखें और अच्छे विचारों का आदान-प्रदान करें।

### अनियमित और अपर्याप्त नींद नुकसानदायक

नींद की कमी भी हमारे मस्तिष्क के कार्यों को धीमा कर देती है। इससे तनाव, चिंता और डिप्रेशन की संभावना बढ़ जाती है। नींद की कमी से याददाश्त कमजोर होती है और निर्णय लेने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रोजाना 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद लें। सोने और उठने का एक नियमित समय तय करें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और एक शांत माहौल बनाएं।



## ओलम्पियन विष्णु और अभिषेक आएंगे भिलाई में इन्विटेशनल टेनिस आज से

**भिलाई।** एफएसएनएल- कोनोइके इन्विटेशनल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 20 और 21 दिसम्बर को बीएसपी टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर, भिलाई में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंडर-8, 10,12, 14 16 और 18 आयु वर्ग में प्रतिभागियों को अवसर दिया जा रहा है। इस टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने खास तौर पर ओलम्पियन, एशियन खेल के पदक प्राप्तकर्ता और ग्रैंड स्लैम-डेविस कप खिलाड़ी विष्णु वर्धन और जाने-माने टेनिस ऑफिशियल अभिषेक मुखर्जी भिलाई पहुंच रहे हैं।



ओलंपियन विष्णु वर्धन



अभिषेक मुखर्जी

एफएसएनएल प्राइवेट लिमिटेड (कोनोइके ग्रुप कंपनी) के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर तोशिहिरो फुजिवारा ने बताया कि आयोजन का मकसद प्रतिस्पर्धी अनुभव के साथ खिलाड़ियों को एक प्लेटफॉर्म देना, अनुशासन को बढ़ावा देना और जमीनी स्तर पर टेनिस को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट खेल भावना पर आधारित आसान शेड्यूलिंग और एक प्रोफेशनल प्रतिस्पर्धी माहौल सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया है। एफएसएनएल के सीजीएम (एचआर) पंकज त्यागी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी के तौर पर छत्तीसगढ़ की अलग-अलग अकादमियों और विभिन्न क्षेत्रों के युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य रूप से रायगढ़, जगदलपुर, रायपुर, दुर्ग और भिलाई से अलग-अलग श्रेणी के लिए टूर्नामेंट में कुल 125 खिलाड़ी और 215 एंट्री रजिस्टर हुई हैं। टूर्नामेंट डायरेक्टर और टूर्नामेंट आयोजन समिति की सदस्य रचना शर्मा ने बताया कि एफएसएनएल की इस पहल से न सिर्फ स्थानीय स्तर पर बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ के टेनिस खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रख्यात टेनिस खिलाड़ी विष्णु वर्धन यहां 21 दिसंबर की शाम खिलाड़ियों की मास्टर क्लास लेंगे। टूर्नामेंट डायरेक्टर और टूर्नामेंट आयोजन समिति के सदस्य राजेश पाटिल, जुनिची सासाहारा और सुदीप्तो देव बर्मन सहित अन्य लोग मौजूद थे।






## घर पर बनाना है रेस्टोरेंट स्टाइल सूप तो इन बातों का रखें ध्यान

सर्दियों में लोग सूप भी पसंद करते हैं। कई बार रेस्टोरेंट स्टाइल सूप घर पर नहीं बन पाता है। ऐसे में आपको घर पर रेस्टोरेंट स्टाइल सूप बनाने का तरीका जानना चाहिए। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप घर पर स्वादिष्ट सूप बना सकते हैं।

**ताजा होनी चाहिए सब्जियां :** सूप बनाने जा रहे हैं तो ध्यान रखें कि उसमें जिन सब्जियों का इस्तेमाल कर रहे हैं वो ताजी होनी चाहिए। अगर सब्जियां ताजी नहीं होंगी तो सूप का स्वाद खराब हो जाएगा। इसलिए हमेशा ताजी सब्जियां ही इस्तेमाल करें।

**सहीं हों मसाले :** सूप बनाने के लिए उसमें डालने वाले मसालों का खास ध्यान रखें। इसे बनाने के लिए तुलसी, अजवाइन, पार्सले, थाइम, और काली मिर्च का सही उपयोग करें। स्वाद बढ़ाने के लिए अदरक-लहसुन पेस्ट का उपयोग करें। यदि लहसुन नहीं खाते हैं, तो उसे स्किन करें।

**सही हो गाढ़ापन:** सूप को गाढ़ा करने के लिए कॉर्नफ्लोर का पानी और ब्लेंड की हुई सब्जियां डालकर सूप को रेस्टोरेंट जैसा गाढ़ा बनाएं। ध्यान रखें कि सूप न बहुत गाढ़ा हो और न ही पतला। इसकी सही कंसिस्टेंसी बनाए रखना जरूरी है।

**धीमी आंच पर पकाएं:** सूप को धीमी आंच पर धीरे-धीरे पकाने से फ्लेवर अच्छे से डिवेलप होते हैं। यदि आप इसे तेज आंच पर पका देंगे, तो ये पक तो जाएगा लेकिन इसमें मसालों का स्वाद नहीं आएगा। बीच-बीच में चखकर संतुलित स्वाद सुनिश्चित करें।

**क्रीम और बटर का सही उपयोग करें:** टमाटर, मिक्स वेज सूप को क्रीमी बनाने के लिए थोड़ी क्रीम या फिक मक्खन डालें। क्रीम से सूप में समृद्धता और रेस्टोरेंट जैसा टेक्सचर आता है।



## राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम उत्तराखंड रवाना

**भिलाई।** साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से रुद्रपुर उत्तराखंड में 77वीं राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित है। जिसमें भाग लेने छत्तीसगढ़ दल रुद्रपुर (उत्तराखंड) पहुंच चुका है । साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अच्छा प्रदर्शन करने को कहा। उन्होंने बताया कि अल्प समय में एवं कम सुविधाओं के बावजूद छत्तीसगढ़ के साइकिलिस्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार एवं बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में टाइम ट्रायल,सप्रिंट, इंडिविजुअल परस्यू, टीम टाइम ट्रायल, टीम परस्यू, टीम स्प्रिंट, स्क्रैच रेस (मास स्टार्ट), केरिन, मेडिसन और ओमनियम जैसे इवेंट में खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के सीनियर पुरुष से साहिल नागवंशी (कांकेर), सब जूनियर बालक से अतुल प्रधान(रायगढ़), सौरभ दस मानिकपुरी (दुर्ग) एवं सौरभ कुमार (दुर्ग) बालिका वर्ग में मेघा साहू(दुर्ग), पुष्पांजलि (दुर्ग), रूपाली साहू (दुर्ग) , यूथ बालक वर्ग में सनी कुमार (दुर्ग), तुषार देवांगन (दुर्ग), वहीं बालिका वर्ग में साक्षी सलामे (दुर्ग), कट्टा नेहा(दुर्ग), निधि साहू (दुर्ग) हैं। टीम के कोच प्रतीक मनोध्या एनआईएस, मैनेजर तोषेंद्र वर्मा एवं बीना मिश्रा हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से परविंदर सिंह अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव, मां शारदा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन कुमार शर्मा, दुर्ग जिला साइकलिंग संघ के महासचिव देव प्रकाश वर्मा, जिला साइकिल पोलो संघ के महासचिव शशांक देशमुख शशिकांत पांडे, बीना मिश्रा (कोषाध्यक्ष) और रामपाल जसपाल आदि ने टीम को उन्नत प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी है।

### प्रदूषणमुक्त स्वस्थ भारत बनाने के लिए साइकिल की सवारी

भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा पूरे भारतवर्ष में संचालित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल रैली का 40वां संस्करण प्रगति भवन भिलाई में रविवार को आयोजित किया गया। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने लगातार 40 सप्ताह की इस शानदार श्रृंखला के लिए सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों को बधाईयाँ दी।

साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार एवं बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि इस साइकिल रैली में लगभग 150 साइक्लिस्ट खिलाड़ियों तथा अधिकारियों के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र साइक्लिंग क्लब के पदाधिकारियों ने भाग लिया एवं प्रदूषण मुक्त स्वस्थ भारत निर्माण में को अहम हिस्सा बताया। इसके पूर्व कार्यालय भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा सभी खिलाड़ियों को फिट इंडिया की टी शर्ट का वितरण भी किया गया।

इस दौरान बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार, बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव अंकुर मिश्रा, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव देवप्रकाश वर्मा, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के संयुक्त सचिव शशांक देशमुख और एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या आदि इस रैली उपस्थित थे।



कार्नर न्यूज

## आप नए तरीके से मना सकते हैं क्रिसमस की छुट्टियों को

# साल की विदाई पार्टनर के साथ सैर-सपाटे से करने बना लें प्लान, यादगार हो जाएगा सफर

साल 2024 का आखिरी महीना यानी दिसंबर जारी है। दिसंबर का महीना अपने साथ बीते हुए साल को ले जाता है और नए साल का स्वागत करता है। इसी महीने के आखिर में क्रिसमस डे मनाया जाता है। क्रिसमस डे ईसाइयों का प्रमुख पर्व है। हालांकि बीते वर्ष का अंतिम त्योहार ईसाई ही नहीं ज्यादातर धर्मों के लोग मनाते हैं। भले ही वह पारंपरिक तौर पर क्रिसमस डे नहीं मनाते लेकिन इसे छुट्टी वाला दिन और बीते हुए साल के जश्न के रूप में मनाया जाता है। इस मौके को लोग अपने परिवार,दोस्तों और पार्टनर के साथ बिताना पसंद करते हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस का पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर कई जगहों पर अवकाश रहता है। इस दिन आप पार्टनर के साथ रोमांटिक डेट को एन्जॉय कर सकते हैं। हालांकि अगर अवकाश नहीं भी है तो भी क्रिसमस डे पर पार्टनर संग यादगार तरीके से मना सकते हैं। यहां क्रिसमस डे को अपने साथी के साथ रोमांटिक तरीके से सेलिब्रेट करने के शानदार तरीके बताए जा रहे हैं। आइए जानते हैं कि इस मौके पर क्या किया जा सकता है जो इस साल की सबसे खूबसूरत याद बन जाए।



### कपल आउटफिट

सर्दियों में पार्टनर का हाथ थामकर घूमने का मजा ही दूसरा है। ऐसे में अपने साथी के साथ मूवी डेट पर जा सकते हैं। मूवी तो आप अक्सर ही देखते होंगे लेकिन इस दिन को खास बनाने के लिए कपल आउटफिट बेस्ट तरीका हो सकता है। एक रंग के स्वेटर या हूडी कैरी करें। आप मूवी पर जा रहे हों या डिनर पर, जहां भी आप जाएंगे हर किसी की नजर आप दोनों पर टिक जाएगी। वहीं जब आप कपल आउटफिट में सेल्फी और तस्वीरें क्लिक कराएंगे तो आपके आउटफिट तस्वीरों को ज्यादा शानदार बना देंगे।

### पार्टी करें

क्रिसमस डे के मौके पर घर पर दोस्तों या करीबियों के साथ मिलकर पार्टी प्लान कर सकते हैं। चाहे तो सिर्फ अपने पार्टनर के साथ पार्टी कर सकते हैं। इसके लिए घर को सजाएं। लजीज पकवान तैयार करें या बाहर से आर्डर कर लें। अगर घर से बाहर ही निकलना चाहते हैं तो इस दिन कई जगहों पर क्रिसमस पार्टी का आयोजन होता है, पास या टिकट लेकर इन पार्टी में शामिल हो सकते हैं। क्लब या पब में भी जा सकते हैं और खूब डांस करके इस दिन को पार्टनर के साथ मस्ती करते हुए एन्जॉय करें।

### पिकनिक का प्लान

आप एक पूरा दिन अपने पार्टनर के साथ बिता सकते हैं। सुबह का नाश्ता किसी कैफे में करें। फिर पिकनिक के लिए किसी पार्क, हेरिटेज प्लेस का चयन कर सकते हैं। मंदिर या चर्च जा सकते हैं। इस सर्द मौसम में शाम को कहीं कुल्हड़ वाली चाय या कॉफी का लुत्फ उठा सकते हैं। किसी शानदार एंबियंस वो रेस्तरां में डिनर कर सकते हैं। पूरा दिन आप एक दूसरे के साथ रह सकते हैं और वो सब कर सकते हैं जो व्यस्त जीवनशैली में आप दोनों रोज नहीं कर पाते हैं।



### ट्रिप बनेगी मजेदार

एक दिन की छुट्टी है तो आसपास के किसी हिल स्टेशन या पर्यटन स्थल को घूमने जा सकते हैं। भारत में कई ऐसी जगहें हैं जहां दो दिन में आप घूम सकते हैं और अच्छा वक्त बिता सकते हैं। रोड ट्रिप पर निकल जाएं। स्पोर्ट्स व एडवेंचर्स एक्टिविटीज करें। अगर बृहस्पतिवार और शुक्रवार का अवकाश मिल सकता है तो वीकेंड मिलाकर 29 दिसंबर तक पांच दिन की मजेदार ट्रिप की योजना बना सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्स: डूम्सडे' ट्रेलर की रिलीज डेट आ गई, थिएटर नहीं यहां दिखेंगे डॉक्टर डूम



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी महीने दिसंबर में, नहीं... नहीं... बल्कि इसी हफ्ते 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार: फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन अब बताया जा रहा है कि इसे तीन दिन बार ही यूट्यूब पर लॉन्च किया जाएगा। वैसे तो एमसीयू के दीवानों को फ्रेंचाइज के हर फिल्म का इंतजार रहता है, लेकिन 'एवेंजर्स: डूम्सडे' बहुत खास है। ऐसा इसलिए कि इस फिल्म में सबके चहेते रॉबर्ट डाउनी जूनियर वापसी कर रहे हैं। पर्दे पर इससे पहले आयरन मैन बनकर उन्होंने हर एक दर्शक के दिल में जगह बनाई, वहीं 'एवेंजर्स: एंडगेम' में फेवरेट सुपरहीरो की मौत के बाद हर आंख नम हो गई। अब 'एवेंजर्स: डूम्सडे' में रॉबर्ट डाउनी जूनियर नेगेटिव रोल में डॉ. विक्टर वॉन डूम बनकर लौट रहे हैं। पिछले दिनों 'कोलाइडर' की रिपोर्ट में बताया गया था कि एमसीयू की अगली बड़ी फिल्म 'एवेंजर्स: डूम्सडे' की पहली झलक डिस्नी की दूसरी फ्रेंचाइज अवतार-फायर एंड ऐश के साथ थिएटर 19 दिसंबर 2025 को अटैच होने वाला है। एलेक्स ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया जिसमें, 'द फैंटास्टिक फोर: फर्स्ट स्टेप्स' के मार्केटिंग कैंपेन का जिक्र था।

### टॉलीवुड

## परिवार संग तिरुपति पहुंचे रजनीकांत, मंदिर में फैंस की लगी भीड़ और सबका किया अभिवादन



साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत ने अपना 75वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनके फैंस और चाहने वालों में जश्न का माहौल था। बर्थडे के तुरंत बाद अ भि ने ता अपने पूरे परिवार के साथ आंध्रप्रदेश स्थित तिरुमला तिरुपति मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रजनीकांत के मंदिर जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंदिर परिसर के अंदर प्रवेश करते रजनीकांत को देख उनके फैंस की भीड़ लग गई। उनके साथ पत्नी लता रजनीकांत, बेटियां सौंदर्या और ऐश्वर्या भी मौजूद थीं।

खास बात यह रही कि इस दौरान उनके पोते सफर राजा भी साथ दिखाई दिए। दर्शन के बाद रजनीकांत ने मंदिर परिसर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन किया। मंदिर से बाहर आते समय उन्होंने परिवार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं, जो देखते ही देखते वायरल हो गईं। रजनीकांत की तस्वीरें और वीडियोज इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी 1999 की सुपरहिट फिल्म 'पदयप्पा' एक बार फिर सिनेमाघरों में उतारी गई। 4K तकनीक से रीमास्टर की गई इस फिल्म को दर्शकों ने चाव से फिर से देखा। सिनेमाघरों में तालियों और सीटियों की गूंज ने यह साबित कर दिया कि रजनीकांत की फिल्मों का जादू आज भी उतना ही असरदार है। काम के मोर्चे पर भी रजनीकांत पूरी तरह सक्रिय हैं। वह जल्द ही 'जेलर 2' में नजर आने वाले हैं, जिसकी शूटिंग अंतिम चरण में बताई जा रही है। माना जा रहा है कि फिल्म इस साल के अंत तक पूरी हो जाएगी और 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। पहले भाग की जबरदस्त सफलता के बाद, दर्शकों की उम्मीदें सीक्वल से और भी ज्यादा बढ़ गई हैं।

### छॉलीवुड

## 'ओह तेरी!' में दर्शकों के लिए सस्पेंस और कॉमेडी का तड़का



सस्पेंस और कॉमेडी से भरपूर छत्तीसगढ़ी फिल्म "ओह तेरी", सिनेमाघरों में शुक्रवार से रिलीज हुई। अभिनेत्री एल्सा घोष की बतौर निर्देशक यह पहली फिल्म है। रिलीज से पहले फिल्म का ट्रेलर लोगों ने खूब पसंद आया। फिल्म के कलाकारों एल्सा घोष, रोशन विरवानी, रजनीश झांझी और प्रदीप शर्मा ने बताया कि दर्शकों को भरपूर कॉमेडी और सस्पेंस देखने का मौका मिल रहा है। इस फिल्म के अन्य कलाकारों में इप्शिता भट्टाचार्य, उपासना वैष्णव, नवीन देशमुख, और आई रॉक (डॉग) ने अभिनय किया है। फिल्म एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन है, जिसमें हास्य, भावनाएं और सामाजिक संदेशों का संतुलित मिश्रण देखने को मिल रहा है। फिल्म का निर्देशन, कहानी और स्क्रीनप्ले एल्सा घोष ने स्वयं लिखा है। निर्माता अजय सिंह राजपूत और रोशन विरवानी हैं। संगीत नवनीत देशमुख का है, जबकि गीतों को सुनील सोनी, कंचन जोशी और अनुपमा मिश्रा ने अपनी स्वरों से सजाया है। फिल्म की शूटिंग को लेकर निर्देशक एवं अभिनेत्री एलशा घोष ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन सिन्दूर के समय कश्मीर में जाकर फिल्म के एक गीत की शूटिंग की थी। उस दौरान कश्मीर में हालात संवेदनशील थे, लेकिन फिल्म यूनिट ने सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शूटिंग पूरी की। चर्चा के दौरान चंद्रा मौर्या आरएलआर के मैनेजर राकेश मिश्रा, मनीष झा, शमशीर सीवानी विकास यादव एवं कुमारी श्रेय उपस्थित थे।


### सेरेटी की धूम

### लाइफ स्टाइल



विटोरिया सेरेटी मॉडल के तौर पर अपनी अलग पहचान रखती हैं। पिछले हफ्ते जब उन्होंने पेरिस में चैनल फॉल/विंटर 2025-2026 विमेंसवियर कलेक्शन पेश किया तो दर्शक उनका इंतजार ही कर रहे थे। सेरेटी ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹मेरे लिए, यही एक्शन है।₹ ₹मुझे सच में गर्व है कि मुझे इस बिज़नेस में अपनी ज़िंदगी में यह देखने को मिला।₹ देश-विदेश से आए फैशन इंडस्ट्री के लोगों ने इस शो को खूब पसंद किया।

## सिर पर जमी रूसी हटाने के लिए कपूर है बेहतर



सर्दी का मौसम शुरू होते ही लोग एक बड़ी समस्या से घिर जाते हैं, वो समस्या है सिर पर डैंड्रफ का जमना। इसके लिए कपूर भी एक बेहतर विकल्प है। दरअसल, कपूर में एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो सिर पर जमी रूसी को कम करने में मदद करते हैं।

### तेल के साथ कपूर का इस्तेमाल

कपूर का इस्तेमाल रूसी हटाने के लिए करना चाहते हैं, तो ये सबसे आसान तरीका है। इसके लिए कपूर को नारियल तेल या बादाम तेल के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। इसके लिए आपको एक चम्मच नारियल तेल और 1/4 चम्मच कपूर पाउडर की जरूरत पड़ेगी।

### इस्तेमाल की विधि

इस विधि से कपूर का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले नारियल के तेल को हल्का गर्म करें। अब इसमें कपूर पाउडर मिलाएं और अच्छे से घोल लें। इस मिश्रण को स्कैल्प पर लगाकर धीरे-धीरे मसाज करें। इसे 30-40 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद अपने बालों को धो लें।

### कपूर और नींबू का मिश्रण

नींबू का रस और कपूर का मिश्रण स्कैल्प को साफ करने में मदद करता है। इस विधि से कपूर को इस्तेमाल करने के लिए आपको 1 चम्मच नींबू का रस और 1/4 चम्मच कपूर पाउडर की जरूरत पड़ेगी।

### इस्तेमाल की विधि

इसके लिए नींबू के रस में कपूर पाउडर मिलाएं। इसे सीधे स्कैल्प पर लगाएं। 15-20 मिनट के बाद गुनगुने पानी से बाल धो लें। इसका असर आपको कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा । इसके इस्तेमाल से फंगल संक्रमण में मदद मिलती है।

### कपूर और दही का हेयर मास्क

कपूर और दही का हेयर मास्क स्कैल्प को पोषण देता है और रूसी हटाने में मदद करता है। इसके लिए आपको 2 चम्मच ताजा दही और 1/4 चम्मच कपूर पाउडर की जरूरत पड़ेगी।

### इस्तेमाल की विधि

इसके इस्तेमाल के लिए दही में कपूर पाउडर मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसे स्कैल्प और बालों पर लगाएं। 30 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर अपने बालों को माइल्ड शैम्पू से बाल धो लें। इसके इस्तेमाल से भी रूसी हटने लगती है।

## दोबारा लौट रहा हाथ से बने स्वेटर का ट्रेंड, लुभाएंगी ये नई डिजाइन







एक बार फिर से अब लोगों का झुकाव टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल फैशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में उन्हें फिर से काफी समय के बाद हाथ से बुने स्वेटर काफी पसंद आ रहे हैं। कई लोगों के लिए हाथ से बने स्वेटर उनके बचपन की यादें वापस लाते हैं, जब दादी या मां सर्दियों में स्वेटर बुनती थीं। इनसे न सिर्फ यादें जुड़ी होती हैं, बल्कि ये लंबे समय तक चलते हैं क्योंकि यो उच्च गुणवत्ता वाली ऊन से बने होते हैं।

हाथ से बुने स्वेटर की हर डिजाइन काफी अलग होती है, जो उन्हें बाजार में मिलने वाले स्वेटरों से अलग बनाता है। ऐसे में अब लोग स्वेटर बुनना सीख रहे हैं ताकि वे अपने कपड़ों में पर्सनल टच दे सकें।

वैसे तो आपको बाजार में कई बुकलेट मिल जाएंगी, जिसमें स्वेटरों की डिजाइन रहती है, लेकिन इसके बावजूद यहां आपके लिए कुछ ऐसे स्वेटर जिन्हें सिलेब्स ने पहना है। उनसे डिजाइन को देखकर भी आप अपना स्वेटर तैयार कर सकती हैं।


### पहली डिजाइन

यदि आपको शॉर्ट कार्डिगन पसंद हैं तो आप ऐसी डिजाइन का चयन कर सकती हैं। ऐसा कलरफुल डिजाइन बनाकर उसके बीच-बीच में दिल बनाएं। ये आप अपनी किसी दोस्त को भी बनाकर तोहफे में दे सकती हैं। इसी जींस के अलावा सूट के साथ भी पहना जा सकता है।

### दूसरी डिजाइन

तीन रंगों वाली ऐसी ऊनी जैकेट आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगी। ऐसी जैकेट बनाना आपके लिए काफी आसान रहेगा, क्योंकि इसमें किसी तरह की डिजाइन नहीं पड़ी है। इसमें आपको सीधी-सीधी बुनाई करनी है, चाहें तो इसमें कैप भी बुन लें, ताकि ये आपकी परफेक्ट जैकेट बन जाए।

## टूटने लगे हैं नाखून तो ऐसे रखें उनका ध्यान, आसान है तरीका



सर्दी के मौसम में नाखूनों के टूटने का मुख्य कारण ठंड और शुष्क वातावरण में नमी की कमी होती है। जिससे त्वचा और नाखून सूख जाते हैं। यह सूखापन नाखूनों को कमजोर बना देता है, जिससे वे आसानी से टूटने लगते हैं। इसके अलावा सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं, जिससे शरीर के अंदर और बाहर नमी की कमी हो सकती है। इसका प्रभाव नाखूनों पर भी पड़ता है। ऐसे में यदि आप भी नाखूनों के टूटने से परेशान है तो कुछ नुस्खे अपनाकर इनका ध्यान रख सकते हैं।

### करें मॉइस्चराइज करें

सर्दी के मौसम में अपने नाखूनों और उसके त्वचा को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज करें। इसके लिए नारियल का तेल, जैतून का तेल या विटामिन ई युक्त क्रीम का इस्तेमाल करें। सोने से पहले नाखूनों पर तेल लगाकर हल्की मालिश करें।

### पानी से करें बचाव

ज्यादा नाखून टूटने की दिक्कत तब आती है, जब नाखून ज्यादा समय के लिए पानी में डूबे रहते हैं। इसलिए इस मौसम में ज्यादा देर तक पानी में नाखून डुबोकर न रखें। बर्तन धोते या घर के काम करते समय दस्ताने पहनें।

### करें सही देखभाल

सर्दी के मौसम में हमेशा नाखूनों को नियमित रूप से ट्रिम करें। नाखूनों को काटने के लिए अच्छे गुणवत्ता वाले नेल क्लिपर का इस्तेमाल करें, ताकि आपके नाखून डैमेज न हों।

## इस मौसम गलती से भी चेहरे पर न लगाएं ये चीजें



दिसंबर का महीना चल रहा है, ऐसे में कम आद्रता वजह से लोगों की स्किन काफी ड्राई होने लगी है। कई बार तो स्किन इतनी रूखी हो जाती है, कि त्वचा पर पपड़ी जमने लगती है और ये रूसी की ही तरह झड़ती भी है। यही वजह है कि सर्दी के मौसम में त्वचा का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए।

वैसे तो इस मौसम में हर स्किन टाइप के हिसाब से बॉडी लोशन मिलते हैं, जोकि त्वचा की नमी बरकरार रखते हैं, लेकिन बावजूद इसके बहुत से लोग घरेलू नुस्खों पर काफी भरोसा करते हैं। ऐसे में बहुत से लोग कुछ ऐसी चीजों का इस्तेमाल भी कर लेते हैं, जिनकी वजह से उनकी त्वचा और ज्यादा रूखी हो जाती है।

इसी को देखते हुए हम यहां आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका सर्दियों में इस्तेमाल गलती से भी न करें। यदि करने जा रहे हैं तो इस्तेमाल करने से पहले आपको एक बार जरूर पैच टेस्ट कर लें।

### एल्कोहल-बेस्ड प्रोडक्ट्स

सर्दी के मौसम में कभी भी एल्कोहल बेस्ड प्रोडक्ट इस्तेमाल न करें। ये त्वचा को और अधिक रूखा बना सकता है। टोनर या अन्य स्किनकेयर प्रोडक्ट्स चुनते समय यह सुनिश्चित करें कि वे एल्कोहल-फ्री हों, ताकि इसकी वजह से त्वचा पर कोई असर न पड़े।

### गर्म पानी से न धोएं चेहरा

चेहरे को धोने या साफ करने के लिए अत्यधिक गर्म पानी का इस्तेमाल न करें। यह त्वचा के नेचुरल ऑयल को छीन लेता है, जिससे त्वचा और ज्यादा ड्राई हो सकती है। इसलिए हमेशा कदम हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। सर्दी के मौसम में कभी भी कड़े स्क्रब्स का इस्तेमाल न करें। ये त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं और सर्दियों में त्वचा को अधिक संवेदनशील बना सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### इस मौसम में खास ध्यान रखें अपने लुक का

## सर्दी में तफरीह के लिए खुद को नए ढंग से करें स्टाइल, लोगों की नजरें टिकी रहेंगी आप पर





साल का अंत होने वाला है और सर्दी का मौसम भी शुरू हो गया है। ऐसे में लोग अपनी बची हुई छुट्टियों का इस्तेमाल करने के लिए घूमने जा रहे हैं। बहुत से लोग अपने परिवार के साथ घूमने जा रहे हैं, तो वहीं बहुत से लोग अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रहे हैं। बहुत से लड़के तो सोलो ट्रिप पर ही निकल जाते हैं।

लड़कियां अपनी ट्रिप के लिए काफी शॉपिंग करती हैं और अपना काफी अलग सा विंटर लुक क्रिएट करती हैं, लेकिन लड़कों के सामने ये दिक्कत आती है कि उन्हें समझ ही नहीं आता कि वो क्या पहनकर घूमने जाएं। ऐसे में हम आपको विंटर फैशन टिप्स देने जा रहे हैं। हम यहां कुछ ऐसे अभिनेताओं के लुक्स आपको दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप अपने लिए खरीदारी कर सकते हैं।

### डेनिम जैकेट लगेगी कूल

यदि आप कूल दिखना चाहते हैं तो अपने लुक को पूरा करने से लिए ऐसी ही डेनिम जैकेट पहनें। इस जैकेट के साथ सफेद रंग की टीशर्ट या फिर स्वेटशर्ट कैरी करें। ब्लैक जींस के साथ आपका ये लुक कमाल का लगेगा। कोशिश करें कि इसके साथ सफेद रंग के ही जूते पहनें।

### ज्यादा ठंडी के लिए ये है सही विकल्प

यदि आप किसी ऐसी जगह जा रहे हैं, जहां काफी ज्यादा ठंड पड़ती है, तो आपके पास अच्छी जैकेट होना काफी जरूरी है। इसके लिए डार्क रंग की हैवी सी जैकेट खरीदें। इसके साथ डार्क रंग की जींस पहनें। कभी भी अपने विंटर लुक के साथ चश्मा लगाना न भूलें।

### हल्के रंग की जैकेट

यदि आपको हल्के रंग की जैकेट पहनना पसंद है तो वरुण धवन के इस लुक से टिप्स लें। इस हल्के रंग की जैकेट के साथ ब्लैक टीशर्ट और ब्लैक रंग की ही जींस पहनें। ऑल ब्लैक लुक के साथ आप पर लाइट रंग की जैकेट काफी ज्यादा जचेगी।

### लेदर जैकेट बचाएगी ठंड

आजकल लड़कों को लेदर जैकेट काफी पसंद आती है। ये काफी ट्रेंड में भी रहती है। इसे आप डेनिम ब्लू जींस के साथ कैरी कर सकते हैं। इसके साथ चाहें तो ब्लैक टीशर्ट पहनें, नहीं तो आप सफेद रंग की टीशर्ट भी कैरी कर सकती हैं।

### ब्लेजर पहनें

अपने लुक को क्लासी बनाने के लिए आप जींस और टीशर्ट के साथ ब्लेजर कैरी कर सकते हैं। जींस के साथ ब्लेजर देखने में काफी अच्छा लगता है। यदि डार्क रंग की शर्ट पहन रहे हैं तो हल्के रंग का ब्लेजर पहनें, ताकि लुक अच्छा दिखे।

